साप्ताहिक इंदौर फर्स्ट
दैनिक संघर्ष से सिद्धि
Jtv भारत इलेक्ट्रानिक एंड प्रिंट मीडिया नेटवर्क ग्रुप उज्जैन
7974826006, 8643058464
9575154444

TC- MPBIL02560

# इंदौर फर्स्ट

डिजिटल
A Bilingual daily newspeper
दैनिक समाचार पत्र

वर्ष-03 अंक- 108 | उज्जैन, गुरुवार 05 जून 2025 | मूल्य- 5 रू. पृष्ठ-6

# दिव्यांगजन अपनी क्षमता, योग्यता, संघर्षशीलता और सकारात्मकता के आधार पर समाज में अपना स्थान बनाते हैं - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिव्यांगजन को नियुक्ति पत्र स्मार्टफोन एवं मोटराइज्ड साइकिलें वितरित कीं

**राज्य सरकार दिव्यांगजन को शासकीय नौकरियों (सीधी भर्ती) में दे रही है अतिरिक्त 2 प्रतिशत आरक्षण**

**सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना से कार्य कर रही राज्य सरकार, दिव्यांगजन की परेशानी दूर करने सदैव तत्पर**

**महाकवि सूरदास और स्वामी रामभद्राचार्य ने अपनी विशेषज्ञता से इतिहास में स्थान बनाया**

**सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय ने किया आयोजन**

संजय जैन (सह-संपादक)
942510-1357 883910-7012
गिद्ध दृष्टि

उज्जैन। संजय जैन,सह-संपादक। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दिव्यांगजन अपनी क्षमता, योग्यता, संघर्षशीलता और सकारात्मकता के आधार पर समाज में अपना स्थान बनाते हैं। यह आत्मविश्वास ही उन्हें विशेष पहचान देता है। मध्यप्रदेश सरकार उन्हें हर स्तर पर प्रोत्साहित करने और सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि परमात्मा हमारे शरीर में भले ही कोई एक गुण कम करता है, लेकिन बदले में कई गुण बढ़ाकर भी देता है। दिव्यांगजन समाज के महत्वपूर्ण अंग हैं। उनकी अपने-अपने क्षेत्र में योग्यताएं हैं। राज्य सरकार ने दिव्यांगजनों के लिए शासकीय नौकरियों (सीधी भर्ती) में अतिरिक्त 2 प्रतिशत आरक्षण दिया है। सरकार की भावना सर्वे भवन्तु सुखिन- रही है। दिव्यांगजन के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उनकी परेशानियां दूर करने के लिए सरकार सदैव तत्पर है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिव्यांग शब्द प्रदान करने से समाज का दृष्टिकोण सकारात्मक रूप से बदला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दिव्यांगजन को नियुक्ति पत्र तथा अन्य हितलाभ वितरण कार्यक्रम को पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान के सभागार में संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ईश्वर ने पृथ्वी पर हमारे जन्म की रचना की है। परमात्मा ने जरूरतमंदों के लिए कुछ बेहतर पुण्य कर्म करने का अवसर भी दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाकवि सूरदास, अष्टावक्र, सकुरात, स्वामी रामभद्राचार्य, सुप्रसिद्ध संगीतकार श्री रविंद्र जैन का उदाहरण देते हुए कहा कि शारीरिक सौंदर्य और शारीरिक पूर्णता से नहीं अपितु विशेषज्ञता पूर्ण क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देकर इन महान व्यक्तित्वों ने समाज में योगदान दिया और इतिहास में स्थान बनाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोक निर्माण, पुरात्व और जल संसाधन विभागों के दिव्यांगजन को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने हितग्राहियों को स्मार्टफोन एवं मोटराइज्ड साइकिल का वितरण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 की ब्रेल लिपि में विकसित पुस्तिका का विमोचन किया। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह तथा सामाजिक न्याय मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय तथा विधायक श्री भगवान दास सबनानी विशेष रूप से उपस्थित थे। दिव्यांग विद्यार्थियों ने इस अवसर पर स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव तथा अतिथिगण को तुलसी का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोक निर्माण मंत्री श्री राकेशसिंह के आज ही के दिन जन्म दिवस होने पर उनका अभिवादन किया तथा शुभकामनाएं दी।




## प्रदेश में 2600 पदों पर की गई दिव्यांगजन की भर्ती

सामाजिक न्याय एवं समाज कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश की संस्कृति को संजोए रखने के लिए संकल्पित हैं। उनके नेतृत्व में राज्य सरकार गरीब, किसान (अन्नदाता), युवा और नारी कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। दिव्यांगजन के लिए भी अनेक कल्याणकारी कार्य किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन उनकी संवेदनशीलता परिलक्षित होती है। दिव्यांगजनों को शिक्षण-प्रशिक्षण, कौशल उन्नयन, छात्रवृत्ति आदि का लाभ भी दिया जा रहा है। देश भर में दिव्यांगजन के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है, लेकिन मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उन्हें नौकरियों में 6 प्रतिशत आरक्षण दिया है। प्रदेश में 2600 पदों पर दिव्यांगजनों की भर्ती की गई है। दिव्यांगजन को कृत्रिम अंगों के लिए भटकना न पड़े इस उद्देश्य से उनकी सुविधा और सुगमता सुनिश्चित करने के लिए के लिए कृत्रिम अंग वितरण के लिए जिला स्तर पर कैंप लगाए जा रहे हैं। इसके लिये राजस्थान की महावीर संस्था को दायित्व सौंपा गया है।

## सभी को सम्मान से जीने का अधिकार देना मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संकल्प

लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव दिव्यांगजनों के प्रति अत्यंत संवेदनशील हैं। वे सदैव दिव्यांगजन से संवाद के लिए तत्पर रहते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संकल्प है कि सबको सम्मान से जीने का अधिकार मिले और समाज के किसी भी व्यक्ति को किसी की दया पर जीवन न जीना पड़े। जब सरकार संवेदनशील होती है तो वह अपनी जिम्मेदारी बखूबी समझती है। आज दिव्यांगजन को नियुक्ति मिलना उनके और पूरे परिवार के लिए बड़ी खुशी का अवसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भारत की प्राचीन संस्कृति को आगे बढ़ा रहे हैं। साथ ही विरासत के साथ विकास और जनहित के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण हो रहे हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित थे।

कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के 33 उप यंत्रियों, पुरातत्व विभाग के 10 और जल संसाधन? विभाग के 5 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके साथ ही 97 हितग्राहियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार उपकरण उपलब्ध कराए गए।

# भारत श्री सम्मान पाने पर सांदीपनि विद्यालय परिवार ने किया अभिनंदन



बाग -जयपुर राजस्थान में शासकीय सांदीपनि विद्यालय के उच्च श्रेणी शिक्षक राजेन्द्र सिंह झाला को भारत श्री सम्मान मिलने पर विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें पुष्पमालाओं से स्वागत कर शुभकामनाएं प्रदान की गई। विगत दिनों भव्या फाउंडेशन के तत्वावधान में जयपुर में संपन्न अंतरराष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन में श्री झाला को देश-विदेश की हस्तियों के बीच सम्मान दिया गया।इस अवसर पर संस्था प्राचार्य डी.एस.बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्री झाला साहित्यकार,कवि, योग शिक्षक,गायक एवं एक अच्छे मंच संचालक भी है।आज विद्यालय परिवार भी गौरवान्वित हुआ है।हम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। श्री झाला ने अपनी सेवाकाल के अनुभव सुनाए एवं अपनी स्वरचित कविताएं नमन तुम्हे कर्नल बेटियों एवं मातृदिवस पर कविता सुनाकर भावविभोर कर दिया जिसे समस्त स्टाफ ने सराहा। इस अवसर पर माडल प्राचार्य उमेश लच्छेटा,लक्ष्मीनारायण पंवार, प्रतिभा उपाध्याय दिव्या कोकने, वन्दना नायक,राधा शर्मा, मनीष राठोड़, अखिलेश राठौड़,नीतू यादव,श्रुति वैष्णव, मनीषा राठी,सुनीता रावत, महेश वर्मा, गिरीराज पाटीदार, रवींद्र कलमोदिया,पारस परिहार, दिलीप राठोड़,संजय निर्मल,एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# धूमधाम से मनाया महेश नवमी का पर्व सुरक्षा की अलख जगाने दो पहिया वाहनों में लगाए रेडियम






**सोभाग प्रजापति धामनोद**

**धामनोद- स्थानीय** माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी का पर्व प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया गया सुबह 9:00 बजे बालाजी मंदिर से शोभायात्रा शुरू हुई जिसमे बड़ी संख्या में समाज जनमौजूद थे शोभायात्रा में महिलाएं केसरिया वस्त्र पहनी थी पुरुषों ने सफेद वस्त्र धारण किये थे बेंड बाजे की धुन पर शोभायात्रा महेश्वर चौराहे पर पहुंची महेश वंदना पश्चात सांस्कृतिक आयोजन हुए जिसमें समाज के युवा मंडल महिला मंडल बहु मंडल ने बढ़ चढ़कर भाग लिया कार्यक्रम में धरमपुरी विधायक कालू सिंह ठाकुर ने समाज जनजनों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया थाना प्रभारी संतोष दूधी नायब तहसीलदार कृष्णा सिंह पटेल यातायात प्रभारी पदम सिंह भाटी भी सम्मिलित हुए आगंतुक अतिथियों को समाज जनों ने स्वागत किया इस वर्ष समाज के सदस्यों ने महेश नवमी पर राहगीरों को ठंडाई पिलाई वृद्ध आश्रम पहुंचकर वृद्धो को फल वितरित किए शाम को पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में दो पहिया वाहन चालकों के वाहनों पर सुरक्षा की अलख जगाने हेतु रेडियम लगाई व वाहन चालकों को गुलाब का फूल भेंट कर उन्हें हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन माहेश्वरी एकता परिवार द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीओपी मोनिका सिंह थी उन्होंने आयोजित कार्यक्रम पर समाज जनों को बधाई दी समाज के अध्यक्ष भगवान मूंदड़ा कैलाश परवाल जगदीश मूंदड़ा राजेश आगीवाल महेश सोडानी मनीष मालू नीलेश परवाल राजकुमार माहेश्वरी शैलू लढ़ा दिनेश आगीवाल बाबू सारडा प्रहलाद आगीवाल पवन आगीवाल मनीष राठी मुकेश आगीवाल सहित सैकड़ो समाजजन आयोजित कार्यक्रमों में मौजूद रहे शाम को समाज के वरिष्ठ जनो का सम्मान किया गया प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कृत किया गया युवा मंडल के द्वारा कई प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने बढ़चढ़ कर भाग लिया कार्यक्रम में धार जिला माहेश्वरी समाज से जिला अध्यक्ष नारायण लड्डा प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम भागड़िया कार्य समिति सदस्य प्रहलाद माहेश्वरी रोहित झंवर राजेंद्र ईनाणी भी सम्मिलित हुए समाज जनों ने आगंतुक अतिथियों का सम्मान किया अंत में सह भोज का आयोजन हुआ

# e-HRMS प्रणाली पर पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र संपन्न



संजय राठौड़ जिला ब्यूरो

अलीराजपुर- - मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार, दिनांक 04 जून 2025 को पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु e-HRMS (Electronic Human Resource Management System) से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन कलेक्टर कार्यालय अलीराजपुर के ऑडिटोरियम में किया गया।

प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य-पुलिस विभाग में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मानव संसाधन प्रबंधन के डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ना, सेवा अभिलेखों का डिजिटलीकरण करना, सेवा से संबंधित प्रक्रियाओं (जैसेङ्क पदस्थापन, वेतन, अवकाश, पदोन्नति, प्रशस्ति, अनुशासनात्मक कार्रवाई आदि) को पारदर्शी, सहज एवं समयबद्ध बनाना था।प्रशिक्षण के दौरान पॉवर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से द्र- ।।क्रक्र प्रणाली की मूल अवधारणा, तकनीकी कार्यप्रणाली, डेटा प्रविष्टि की विधि, सेवा पुस्तिका के रख-रखाव एवं इसके प्रभावी उपयोग की विधियाँ समझाई गईं।

उक्त प्रशिक्षण डिस्ट्रिक्ट ई-गवर्नेंस मैनेजर वीनित विश्वकर्मा, सहायक मैनेजर मुकेश डावर एवं उनकी तकनीकी टीम द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा प्रशिक्षण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर जिज्ञासा समाधान किया गया।

e-HRMS (Electronic Human Resource Management System) डिजिटल परिवर्तनको गति प्रदान करने के साथ-साथ विभागीय कार्यों की दक्षता एवं पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# मध्यप्रदेश बस आनर्स एसोसिएशन ने पत्र लिखकर की मांग

## केंद्र शासन द्वारा नॉमिनेटेड किसी भी वीएलटीडी इंस्ट्रूमेंट की निर्माता / विक्रेता कंपनियों से इंस्ट्रूमेंट खरीदने की अनुमति बस मालिक को दी जाये

***प्रश्नागत मध्य प्रदेश राज्य द्वारा नॉमिनेटेड वीएलटीडी इंस्ट्रूमेंट की निर्माता / विक्रेता कंपनियों को दंडित करते हुए, प्रतिबन्धित भी किया जाए***

*सागर- संतोष पाण्डेय कार्यकारी अध्यक्ष,मो.नं.- 94254-51379*
*वीरेन्द्र साहू,उपाध्यक्ष*
*मो.नं. 94253-89181*
*जय कुमार जैन महामंत्री*
*मो.नं.89594-45511*
*पता: जय कुमार जैन C/o स्टूडेन्ट ट्रैवल्स, मेन यस स्टेण्ड सागर, जिला सागर (म.प्र.) 470002*

*क्रमांक/01/जून/2025 का दिनांक 04.06.2025 को एक पत्र निम्नांकित के नाम लिखा 1. श्रीमान अनुराग जैन साहब, मुख्य सचिव, मध्य प्रदेश राज्य, मध्य प्रदेश शासन, वल्लभ भवन, भोपाल, मध्य प्रदेश। 2. श्रीमान, विवेक शर्मा साहब, परिवहन आयुक्त, मध्य प्रदेश राज्य, कैंप कार्यालय, 1100 क्वार्टर्स, हनुमान जी के मंदिर के सामने भोपाल, मध्य प्रदेश। 3. श्रीमान मनीष सिंह साहब, परिवहन सचिव, मध्य प्रदेश राज्य, मध्य प्रदेश शासन, वल्लभ भवन, भोपाल मध्य प्रदेश। विषय- वीएलटीडी इंस्ट्रूमेंट की निर्माता / विक्रेता कंपनी के द्वारा इंस्ट्रूमेंट में सिम रिचार्ज करने में तथा इंस्ट्मेंट रिपेयर में असाधारण समय लेने के कारण, उत्पन्न परेशानी के निराकरण एवं वीएलटीडी इंस्टमेंट की निर्माता/ विक्रेता कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई करने, तथा केंद्र सरकार द्वारा नॉमिनेट वीएलटीडी इंस्ट्रूमेंट की निर्माता / विक्रेता कंपनी से इंस्ट्रूमेंट परचेस करने की तथा रिनुअल करने की अनुमति बावत् आग्रह पत्र। संदर्भ :- पूर्व में प्रस्तुत किये गए पत्रों की निरंतरता में। **आदरणीय महोदय,** विषय अंतर्गत लेख है कि, मध्य प्रदेश राज्य शासन द्वारा नॉमिनेटेड वीएलटीडी इंस्ट्रूमेंट बनाने वाली एवं साइमलटेनियसली रिचार्ज करने वाली इन्हीं कंपनियों के द्वारा मध्य प्रदेश राज्य के प्रत्येक जिले के, प्रत्येक तहसील के, गांव के, बस मालिक पर अत्याचार किया जा रहा है। यह तथ्य किसी से छुपा नहीं है जिससे राज्य शासन की प्रतिष्ठा जुड़ी हुई है, राज्य शासन की प्रतिष्ठा खराब हो रही है। इन कंपनियों के द्वारा अनुपातहीन निजी लाभ अर्जित किये जाने के लिए बस मालिक गण का शोषण करते हुए उनको आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इन परिस्थितियों में बस मालिकों को बिना वजह होने वाले शोषण से बचाने का अधिकार श्रीमान के पास सुरक्षित है, इसलिए केंद्र शासन द्वारा नॉमिनेटेड किसी भी वीएलटीडी इंस्ट्रूमेंट की निर्माता / विक्रेता कंपनियों से इंस्ट्रूमेंट खरीदने की अनुमति बस मालिक को दी जाये एवं इन प्रश्नागत मध्य प्रदेश राज्य द्वारा नॉमिनेटेड वीएलटीडी इंस्ट्रूमेंट की निर्माता / विक्रेता कंपनियों को दंडित करते हुए, प्रतिबन्धित भी किया जाए। हाल के उज्जैन के दो बस मालिकों के जो उदाहरण है आपकी ओर प्रेषित है यह वह उदाहरण है जो सभी के साथ घटित हो रही है और अनेक बस मालिक इस व्यवस्था की शुरुआत से ही लगातार एक-एक, दो-दो माह तक परेशान हुए ओर आज भी यही परिस्थिति बनी हुई है। इनका विवरण निम्नानुसार है :-*

***प्रकरण क्रमांक 01** यह कि, वीएलटीडी इंस्टमेंट्स की निर्माता / विक्रेता कंपनीयों द्वारा नियुक्त वेंडर श्री दाहिमा से श्रीमती अंजली शर्मा, बस मालिक की ओर से शिवकुमार शर्मा द्वारा चर्चा में बताया गया कि, हमारी*



*कंपनियों ने मुझे आपका वीएलटीडी इंस्ट्रूमेंट्स की सिम रिनुवल करने से मना किया है। अत: आप निम्नांकित नंबर +917000995951 पर संपर्क करके अपनी यात्री बस में फिटेड, वीएलटीडी इंस्ट्रूमेंट्स की सिम रिनुवल करवा लें। यह कि, अविलंब नंबर +917000995951 पर चर्चा की गई तथा तीन यात्री बसों के संबंध में सर्विस की मांग की गई जो यात्री बस से निम्नानुसार हैं- एमपी 13 पी 3954, एमपी 13 पीके 1452, एवं एमपी 13 डीक्यू 3333 उपरोक्त वाहनों की सर्विस देने के संबंध में मेडम ने कहा कि आप स्वयं अपनी उपरोक्त वाहनों का अपने पैसे से वीएलटीडी इंस्ट्रूमेंट निकालवाकर इंदौर भेजें। भेजने की रसीद संलग्न है। इस प्रकार वीएलटीडी इंस्ट्रूमेंट्स कंपनीयों द्वारा कोई सर्विस प्रदान नहीं की गई। इंस्ट्रूमेंट प्राप्तकर्ता कंपनी द्वारा बताया गया कि इंस्ट्रूमेंट गुड़गांव जाएगी तत्काल तीनों डिवाइस का पेमेंट 12244-00 जमा कराएँ। उक्त कार्य में सात दिवस लगेंगे ऐसा बताया गया। अविलंब शुल्क दिया गया जिसकी रसीद संलग्न हैं। इस प्रकार अनुबंधकर्ता द्वारा उज्जैन शहर में इंस्ट्रूमेंट रिपेयरिंग तथा सिम रिनुवल का कोई भी ऑफिस नहीं खोला गया जो आपके, शासन, के साथ हुए अनुबंध की शर्तों का खुले आम मजाक बनाया है, जिससे ग्राहक को, यात्री को समय पर सुविधा न मिलने से परेशानी हुई है अर्थात सीधे-सीधे आर्थिक नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई कोई नहीं करेगा। उपरोक्त यात्री बसों के इंस्ट्रूमेंट आज तक अप्राप्त हैं, और आशा भी नहीं है कि वे जल्द ही प्राप्त होंगे, पूरे प्रदेश में आम चर्चा है कि, यह सिंडिकेट पूरे प्रदेश में किसी बड़े लोगों के साथ जुड़ा हुआ है, पूरे प्रदेश में आम चर्चा है कि इस सिंडिकेट का सरगना कोई 卐हरियाणा卐 का प्रभावी व्यक्ति है। अत: इस कारण इन पर कोई कार्रवाई संभव ही नहीं है, परन्तु यह सब जांच का विषय है। विशेष तौर पर कहना चाहूंगा कि डंडा केवल बस मालिक पर ही परिवहन विभाग चलता है, अन्य पर नहीं, यह सत्य है, इसे स्वीकार करना आवश्यक है। यहां विशेष रूप से उल्लेखनीय कि, प्रश्नागत नंबर पर कॉल करने पर व्हाट्सएप डालने पर कोई उत्तर नहीं प्राप्त होता है। यहां यह विशेषतोर पर गौरतलब है कि, प्रदेश में आम चर्चा अनुसार 卐मध्य प्रदेश शासन परिवहन विभाग द्वारा 110 कंपनियों के स्थान पर 10 कंपनियों को नॉमिनेट इसलिए किया गया था कि अविलंब बस मालिक या अन्य को सर्विस प्रदान की जाए परंतु मध्य प्रदेश शासन, परिवहन विभाग इसमें पूर्ण रूप से असफल रहा है।卐 कंपनियों के द्वारा केवल वाहन स्वामियों का शोषण ही किया जाकर अनेतिक लाभ अर्जित किया जा रहा है। यह कार्य आर्थिक अपराध की श्रेणी में आता है।*

***प्रकरण क्रमांक 02** यह कि, एक अन्य मालिक श्री साकेत बडोदिया द्वारा उपरोक्त परेशानियों को देखते हुए अपनी किस्मत को कोसते हुए आर्थिक नुकसान उठाते हुए नया इंस्ट्रूमेंट ही यात्री बस MP13 AB3333 में लगा लिया ओर फिटनेस करा लिया इस नए इंस्ट्रूमेंट के फिटिंग कार्य में भी दो दिवस लगे। यह व्यवस्था परिवहन विभाग द्वारा ही दी गई है इसे दूसरे के सर पर नहीं डाला जा सकता।*

***श्रीमान से अपेक्षा** 1. प्रत्येक आरटीओ ऑफिस में वीएलटीटी इंस्ट्रूमेंट रिपेयरिंग सेंटर के लिए एवं रिनुवल करने के लिए पृथक शाखा खोली जाए जिसका कार्य केवल अविलंब इंस्ट्रूमेंट रिपेयरिंग के स्थान पर अन्य इंस्ट्रूमेंट प्रदाय करवाना एवं अविलंब बस मालिक स्वयं सिम को रिचार्ज करने के लिए स्वतंत्रता प्राप्त कर सकने की व्यवस्था करना। 2. प्रत्येक आरटीओ को शासन तथा वीएलटीडी इंस्ट्रूमेंट निर्माता कंपनियों के बीच हुए अनुबंध के पालन के संबंध में एलटीडी इंस्ट्रूमेंट की निर्माता / विक्रेता कंपनी के द्वारा संपूर्ण शर्तों का पालन किया जा रहा है या नहीं, इसकी जांच करने का अविलंब अधिकार दिया जाए। 3. प्रत्येक आरटीओ, ज्ञात होने पर कि यात्री वाहन में वीएलटीडी इंस्ट्रूमेंट बंद है तो अविलंब उस बस मालिक से संपर्क करें ओर जहां पर भी वह प्रश्नागत् बस व्यवस्थित रूप से खड़ी है। वहां पर वीएलटीडी निर्माता कंपनी की वर्कशॉप में नियुक्त संबंधित व्यक्ति को भेजा जाकर अविलंब सुधार का कार्य किया जाए। इसका मुख्य कारण यह है कि, यह सब कार्य वीएलटीडी निर्माता /विक्रेता कंपनी का ही है, इंस्ट्रूमेंट की वास्तविक कीमत से कई गुना रुपया अधिक कंपनी ले रही है। बस मालिक का इस इंस्ट्रूमेंट से कोई लेना-देना नहीं होता है। वह तो एक ऐसा पात्र है जिससे शासन के आदेश पर केवल खर्च करना है। अत: संपूर्ण जानकारी वीएलटीडी कंपनी मैन्युफैक्चर / विक्रेता की रखी जावे। 4. प्रत्येक आरटीओ को अधिकार हो कि वह बस मालिक को उसकी यात्री बस कंडम घोषित होने के बाद यात्री बस में कंपनी द्वारा लगाया गया इंस्ट्रूमेंट, कंपनी वापस ले तथा उसकी धनराशि वापस बस मालिक को किया जाना सुनिश्चित कराया जाए। 5. प्रत्येक आरटीओ अपने अधिकार क्षेत्र के बस मालिकों से एक सर्वे का कागज दे जिसमें वीएलटीडी कंपनी मैन्युफैक्बर के सम्बन्ध में विभिन्न प्रकार की प्रश्नावली हो, इस से वीएलटीडी के संबंध में समस्त प्रकार की जानकारी प्राप्त होगी तब आरटीओ आपको रिपोर्ट प्रस्तुत करे। जिसके आधार पर वीएलटीडी कंपनी मैन्युफैक्चर के ऊपर, हुए अनुबंध अनुसार, दंडात्मक कार्रवाई निश्चित की जावे। बस मालिकों पर हुए अत्याचार का संपूर्ण विवरण माननीय प्राधिकार को मिल जाएगा। 6. प्रत्येक आरटीओ यह सुनिश्चित करें कि यात्री बस में लगाया गया वीएलटीडी इंस्ट्रूमेंट का एक्सेस मोटर मालिक के मोबाइल में होना आवश्यक है। यहां विशेष कर देखा गया है कि, यह वीएलटीडी इंस्ट्रूमेंट का एप की विशेष योग्यता यह है, कि वह अधिकांश मोबाइल में इंस्टॉल ही नहीं होता है तथा भूले भटके हो भी जाए तो अधिकांश गाड़ियों की लोकेशन गलत बताता है। इसके संबंध में भी उचित दिशा निर्देश की आवश्यकता है। 7. प्रत्येक आरटीओ यह भी सुनिश्चित करें कि यात्री बस बिकने के बाद लगाए गए वीएलटीडी इंस्ट्रूमेंट बस क्रेता के नाम से हस्तांतरित किये जाए अन्यथा बस क्रेता को उसके नवीनी करण के समय बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता है, या नया लगाना पड़ता है। अत: श्रीमान से निवेदन है कि इस आर्थिक घोटाले में लिप्त सभी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाए ।*

# 400 से अधिक पेड़ पौधों की हरियाली से आच्छादित कुकड़ोल स्कूल का परिसर

## विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष

**खरगोन....मनोज मालवीया ..** .खरगोन जिले की एकीकृत हायर सेकेंडरी स्कूल कुकडोल का स्कूल परिसर हरियाली से हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करती है।

यह ग्राम पंचायत द्वारा रोजगार गारंटी योजना एवं शिक्षकों द्वारा विगत वर्षों में लगाए गए कई पौधे अब पेड़ बन चुके हैं।

परिसर में छोटे-बड़े करीब 400 से अधिक पेड़ पौधे हैं जिनकी हरियाली से आच्छादित यहां का दृश्य बड़ा ही मनोरम एवं मनमोहक लगता है।

नीम,करंज, गुड़हल, गुलमोहर, पलास,विलायती इमली,पीपल, कनेर, त्रिवेणी ,मेहंदी,सहित अन्य फूलदार एवं फलदार पेड़ पौधे आंखों को सुकून देते हैं।

यहां के पर्यावरण प्रेमी शिक्षक प्रभुराम मालवीया,राहुल पांचाल, रामकृष्ण महाजन, भूरला सोलंकी,राजेश पाटीदार,हेमराज पाटीदार, पुरुषोत्तम ओसवाल,विशाल जाधव ,कैलाश पाटिल,बबलू सोलंकी,सरोज वास्केल,गरिमा मालसे,रानू बडोले,ममता गुप्ता,सोनिया साकरे,योगिता देशपांडे ,आशा सोलंकी, शैलबाला तारे,अशोक पाटीदार,एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पेड़ पौधों की देखभाल एवं सुरक्षा की जाती है। शिक्षक मालवीया एवं पांचाल के प्रयासों से पेड़ पौधों के तनों को कलर करवा दिया है जिससे उनकी सुंदरता में चार चांद लग गए हैं।

सरपंच परसराम वास्कले ने बताया कि यहां रोजगार गारंटी योजना के तहत पौधारोपण किया था जिन्हें पंचायत द्वारा कड़ी मेहनत से सिंचाई करके बड़ा किया है ।

विशेष बात यह है कि इस स्कूल परिसर के चारों तरफ बाउंड्री वॉल बनी होने के कारण पौधे अब पेड़ों



का रूप धारण कर रहे हैं।

पहले यहां कुछ शरारती तत्व पेड़ पौधों को नुकसान पहुंचा दिया करते थे ,लेकिन प्राचार्य ललिता धुले द्वारा यहां जन भागीदारी एवं विभागीय मद से स्कूल में करीब 14 सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए है, जिससे स्कूल की सुरक्षा बढ़ गई है।

यहां शाम होते ही बच्चों की टोलियां क्रिकेट खेलने का आनंद लेती है।

ग्राम पंचायत द्वारा अमृत बाल वाटिका का निर्माण भी किया गया है, जिसमें झूले लगे है, बाल वाटिका के आसपास लगे पेड़ पौधे से इस वाटिका की सुंदरता देखते ही बनती है । शीतकाल में यहां मिडिल शाला भवन के सामने परिसर में लगे गेंदे के एवं कनेर के फूलों की सुंदरता बहुत ही मनोरम होती है।

खास बात यह है कि यहां के विद्यार्थी भी पर्यावरण को लेकर सजग है वे भी विशेष करके बारिश के दिनों में फूल वाले पौधे लाकर लगते हैं एवं उनकी सुरक्षा करते हैं।

बालिकाएं विशेष करके गेंदे के पौधे और तुलसी के पौधे लाकर लगाती है।

स्कूल परिसर में हर वर्ष पौधारोपण किया जाता है जिसकी देखभाल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं करती है और साथ ही मजदूरी दर पर कार्य करने वाले भगवान गाडगे एवं आसाराम काका गर्मी के दिनों में भी पौधों को पानी देने का काम करते हैं।

**बंदरों का आश्रय बना परिसर** स्कूल परिसर में चारों ओर हरियाली और पानी की सुविधा होने के कारण बंदरों का झुंड भी रहने लगा है। जिन्हें खाने के लिए हरी-हरी पत्तियां मिल जाती है साथ ही शिक्षको ने बंदरों के पानी के लिए सीमेंट की टंकी की व्यवस्था की है जिसमें पानी भरा रहता है। मूक पशुओं के लिए भी यह परिसर आश्रय बना हुआ है।

**स्कूल की सुंदरता को मुंह चिढ़ाते गुडे के ढेर** स्कूल बाउंड्री वॉल के बाहर मुख्य द्वार के सामने ही गांव के कुछ लोगों द्वारा पशुओ का गोबर एवं कचरा फेंका जाता है जिससे स्कूल की सुंदरता को नजर लगती है।

विशेष करके बारिश के दिनों में रास्ते पर इतनी गंदगी आ जाती है कि बच्चे मुंह एवं नाक पर हाथ रखकर स्कूल के अंदर प्रवेश करते हैं।

कई बार ग्राम पंचायत एवं जन समाधान शिविर में भी बाहर के कचरे के ढेर हटाने की मांग की गई है लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

# कब आओगे गुरूदेव भक्त तुम्हें पुकारते है।

## जैसे भजनों से अखंड संकिर्तन का माहौल हुआ भक्तिमय

### आज होगी पूर्णाहुति,महाआरती और महाप्रसादी







**संवाददाता = धर्मेश सोनी पेटलावद।** ''आ जाओ गुरूदेव भक्त तुम्हें पुकारते '' की विनती करते हुए भक्तगण लगातार तीन दिनों से अखंड किर्तन कर रहे है। जय गुरूदेव सत्यगुरूदेव की अखंड धुन से वातावरण भक्तिमय व गुरूमय हो गया है। लगातार 15 वें वर्ष हो रहे आयोजन का आनंद लेने के लिए दूर दूर से भक्तगण पधार रहे है।

श्री सरस्वती नंदन स्वामी भजनाश्रम पर चल रहा तीन दिवसीय अखंड किर्तन और पादुका पूजन महोत्सव उत्साह की चरम सीमा पर है। जहां भक्तगण गुरू का गुणगान करते हुए पूरे आनंद के साथ आयोजन का लाभ ले रहे है इसके साथ ही महिलाओं के द्वारा गरबा खेल कर गुरू आराधना की जा रही है।

गुजरात से आए भक्तों की डोलियां चार ग्रुपों में विभाजीत हो कर अखंड किर्तन कर रही है। और नगर व आसपास के भक्तगण आयोजन का लाभ ले रहे है।

**महाप्रसादी का लाभ लिया।** आयोजन में प्रतिदिन सुबह शाम महाआरती और महाप्रसादी का आयोजन किया जा रहा है। जिसका लाभ भक्तगण ले रहे है। जिसमें प्रथम दिन का लाभ कैलाश नागर, और दूसरे दिन का लाभ कृष्णाबेन त्रीवेदी व गजेंद्र दिनेश नागर परिवार द्वारा लिया गया। वहीं आज तीसरे दिन महाप्रसादी का लाभ हेमेंद्र जी द्विवेदी और अभिभाषक विनोद पुरोहित परिवार के द्वारा लिया गया। चतुर्थ दिन की प्रसादी का लाभ संघ के प्रमुख आकाश मुकुट चौहान परिवार और प्रितम सेठिया के द्वारा लिया गया। आयोजन को लेकर सभी भक्तों में उत्साह और श्रद्धा का माहौल है।आकाश चौहान द्वारा अन्नपूर्णा पूजन का लाभ लिया गया।

**प्रतिदिन आरती का आयोजन।** आयोजन में भक्तगण देर रात तक रूककर सेवाएं दे रहे है और किर्तन व भजनों का आनंद ले रहे है। इसके साथ ही प्रतिदिन आरती आश्रम प्रभारी अरविंद गोपाल भट्ट के द्वारा की जा रही है।

**आज होगी पादुका पूजन।** आयोजन के अंतिम दिन सूर्योदय वेला में किर्तन की पूर्णाहुति के साथ ही पादुका पूजन का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। जिसमें गुरूदेव की पादुका पूजन का लाभ सैकडों भक्त उठायेंगे। इसके लिए तैयारियां कर ली गई है। मंदिर को फूलों से सजाया गया है। महाराष्ट्र गुजरात,राजस्थान और मध्यप्रदेश के अनेक शहरों से भक्तगण पादुका पूजन के लिए आ रहे है।

**समिति की अपील।** समिति के सदस्यों ने गुरूभक्तों और धर्मप्रेमी जनता से अपील की है। कि गुरूवार को आयोजित पादुका पूजन और इसके पश्चात 11.30 बजे महाआरती और महाप्रसादी का लाभ लेने के लिए गुरूद्वारा आश्रम पर पधारे।

# जिला प्रभारी सचिव श्री मीना ने किया धरियावद उपखंड में विभिन्न कार्यों का निरीक्षण

### स्वास्थ्य सेवाओं,लव कुश वाटिका,सीएचसी के निर्माणाधीन भवन का लिया जायजा



**जुबेर अहमद धरियावद 9001885006 प्रतापगढ़-जिले के प्रभारी सचिव एवं प्रबंध निदेशक,राजस्थान वित्त निगम,श्री हरिमोहन मीना ने बुधवार को धरियावद उपखंड में विभिन्न विभागीय कार्यों और विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने उप जिला चिकित्सालय धरियावद का निरीक्षण कर वहां डिलीवरी वार्ड, एक्सरे यूनिट,लेबर रूम, ओपीडी,आईपीडी तथा लैबोरेट्री सहित प्रमुख चिकित्सा इकाइयों का जायजा लिया। उन्होंने औषधि वितरण केंद्र एवं औषधि भंडार गृह का भी निरीक्षण करते हुए नियर एक्सपायरी दवाओं की स्थिति की जानकारी ली और स्टाफ को निर्देश दिए कि ऐसी दवाओं को समय रहते सूचीबद्ध कर नियमानुसार हटाया जाए ताकि आमजन को सुरक्षित और सही दवाएं ही उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर चिकित्सा सुविधाओं का फीडबैक लिया और अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन के लिए उपलब्ध सभी चिकित्सा सेवाएं सहज,सुलभ और गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए।**

**स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा जिला प्रभारी सचिव श्री मीना ने बीसीएमओ कार्यालय का निरीक्षण कर उपखंड क्षेत्र की संपूर्ण चिकित्सा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण करते हुए ऑक्सीजन सिलेंडर और कंसनट्रेटरों की उपलब्धता की जानकारी ली। जिला प्रभारी सचिव ने निर्माणाधीन उप जिला चिकित्सालय भवन तथा 100 बेड वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं और निर्माण समयबद्ध तरीके से संपन्न हो।**

**धरियावद में नवनिर्मित लवकुश वाटिका का किया निरीक्षण निरीक्षण के क्रम में उन्होंने नवनिर्मित लव-कुश वाटिका का अवलोकन किया और सौंदर्यकरण एवं रखरखाव की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए। ग्राम पंचायत पिपलिया में मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए उन्होंने श्रमिकों की मस्टररोल उपस्थिति,कार्यस्थल पर सूचना पट्ट की उपलब्धता तथा कार्य की पारदर्शिता की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को नियमित निगरानी के निर्देश दिए।**

**श्री मीना ने अधिकारियों से कहा कि निरीक्षण के दौरान दिए गए सभी निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित की जाए और आमजन से जुड़ी योजनाओं में किसी भी स्तर पर कोताही नहीं बरती जाए। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी धरियावद राकेश कुमार न्योल,तहसीलदार दीपिका कटारा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।**

# न्यायालय के आदेश के बाद क्लब महिंद्रा के विरुद्ध सदर थाने में मुकदमा दर्ज।

**शंभूपुरा ।ओम जैन शंभूपुरा।** आज चीफ जुड़िशल मजिस्ट्रेट चित्तौड़गढ़ ने अधिवक्ता इंद्रमोहन सिंह के परिवाद पर क्लब महिंद्रा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के आदेश चित्तौड़गढ़ सदर पुलिस को दिए है। बापू नगर निवासी अधिवक्ता इंद्रमोहन सिंह ने बताया कि क्लब महिंद्रा पुरे भारत मे लोगो को सब्ज बाग़ दिखाकर लाखो रूपये लेकर मेंबर बनाता है, जिससे इनके 290000 मेंबर हो गए, पर उनके रिसोर्ट सिर्फ 90 है। जिससे कि बुकिंग के समय किसी मेंबर को मुश्किल से छुट्टिओ मे रुखने की सहूलियत मिल पाती है और बाकी सिर्फ हाथ पर हाथ धरे रह जाते है। एक मेंबर से इन्होने एवरेज 600000 रूपये लिए है, पर सभी मेंबर को ठगा गया है। पूर्व मे इसके विरुद्ध जिला पुलिस अधीक्षक को परिवाद दिया गया था, पर कोई कार्यवाही नहीं हुई जिकसे चलते आज न्यायालय मे इस्तगासा पेश किया गया। इनके विरुद्ध देश के कोने कोने मे शिकायते होती है पर कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं होती जिससे इनका मेंबर बनाकर धोखाधडी का अभियान सालो से चालू है, और संख्या करीब 3 लाख तक पहुंच गई है। आज माननीय न्यायालय ने मामले की गंभीरता को समझते हुए चित्तोडगढ सदर थाना पुलिस को क्लब महिंद्रा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जाँच करने के आदेश दिए है। सदर थाना पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 316(2),318(4),61(2) के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज किया है, एवं अग्रिम अनुसंधान सब इंस्पेक्टरमहेन्द्र सिंह के जिम्मे किया है।

# ईद के त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन...

## ईद का त्योहार प्रेम और आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाए- एसडीएम आशुतोष शर्मा....

**संतोष शर्मा बैरसिया 8878686878 --** बुधवार को तहसील कार्यालय सभा कक्ष में एसडीएम बैरसिया आशुतोष शर्मा ने बकरा ईद के त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया।बैठक में नगर के वरिष्ठ समाजसेवी दीपक दुबे , शहर काजी उमर अहमद , जमील अहमद , हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष सुनील धाकड़ रामलीला कमेटी अध्यक्ष गणेश गिरी गुड्डा भैया , पार्षद रवि करोसिया, नगर के पत्रकार गण मुख्य रूप से मौजूद थे।एसडीएम आशुतोष शर्मा ने कहा कि बकरा ईद का त्योहार प्रेम और सौहार्द के माहौल में मनाया जाए।



उन्होंने शासन की गाइड लाईन के अनुसार स्पष्ट किया कि खुले में और प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी पूरी तरह प्रतिबंधित है। इस बात का ध्यान रखा जाए।अपशिष्ट को गड्ढों में दफन करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रभारी जाहिद अली ने साफ सफाई और जल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।उन्होंने कहा कि बिजली की उपलब्धता के दौरान जलापूर्ति निर्बाध जारी रहेगी।

उप निरीक्षक दिलीप जयसवाल ने कहा कि त्यौहार संबंधी शासन की गाइड लाईन का कड़ाई से पालन कराया जाएगा।

बैठक में कुछ विभागों के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर सदस्यों ने उठाई आपत्ति .... स्वास्थ्य विभाग , जनपद पंचायत , लोकनिर्माण विभाग , बिजली विभाग , वन विभाग के अधिकारी शांति समिति की बैठक में अनुपस्थित रहे जिस पर शांति समिति सदस्यों ने आपत्ति दर्ज कराई।एसडीएम आशुतोष शर्मा ने कहा कि जिस विभाग के अधिकारी अनुपस्थित है उनको कारण बताओ नोटिस देकर कार्यवाही की जाएगी।

# विवेक मलतारे संचालक यातायात जिला बड़वानी को 10 हजार की रिश्वत लेते लोकायुक्त इंदौर टीम ने रंगे हाथों पकड़ा





**राजेश नाहर बडवानी-** महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के भ्रष्टाचार के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश पर इंदौर लोकायुक्त इकाई की ट्रेप कार्यवाही आवेदक चेतन शर्मा निवासी अंजड़ जिला बड़वानी का निवासी है, आवेदक द्वारा जिला परिवहन कार्यालय बड़वानी में लाइसेंस रिन्यू, एवं नवीन लाइसेंस बनाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किए थे लाइसेंस रिन्यू एवं नवीन लाइसेंस बनाए जाने के लिए जब आवेदक श्रीमती रीना किराडे जिला परिवहन अधिकारी से मिला तो उनके द्वारा लाइसेंस रिन्यू करने एवं नवीन लाइसेंस बनाने हेतु प्राइवेट एजेंट विवेक मलतारे से मिलने हेतु कहा गया, जिला परिवहन अधिकारी के कहे अनुसार आवेदक विवेक मलतारे से मिला तो विवेक मलतारे द्वारा लाइसेंस रिन्यू करने एवं नवीन लाइसेंस बनाने के एवज में आवेदक से रु.10000 रिश्वत की मांग की गई। जिसकी शिकायत आवेदक चेतन शर्मा द्वारा राजेश सहाय, पुलिस अधीक्षक, विपुस्था, लोकायुक्त कार्यालय इंदौर को की गई। सत्यापन में शिकायत सही पाये जाने पर बुधवार दिनांक 04.06.25 को ट्रेपदल का गठन किया गया एवं आरोपियां श्रीमती रीना किराडे के बताएं अनुसार आरोपी विवेक मलतारे को आवेदक से 10,000/- रू0 रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथो पकडा गया। आरोपीगण के विरुद्ध के भ्रष्टाचार निवारण की धारा 7 एवं 61(2) बीएनएस के अंतर्गत कार्यवाही जारी है।

ट्रैपदल- कार्यवाहक निरीक्षक श्रीमती प्रतिभा तोमर, आरक्षक विजय कुमार, आरक्षक कमलेश परिहार, आरक्षक चेतन सिंह परिहार, आरक्षक सतीश यादव, आरक्षक आदित्य सिंह भदोरिया आरक्षक श्रीकृष्ण अहिरवार एवं चालक शेरसिंह ठाकुर

# विधायक आक्या के नेतृत्व में टीम ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया



**शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा।** महेश जयंती पर बुधवार को निकाली गई शोभा यात्रा का विधायक चंद्रभानसिंह आक्या के नेतृत्व में टीम द्वारा सीकेएसबी बैंक के बाहर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। एडवोकेट ओमप्रकाश शर्मा ने बताया की शोभायात्रा के दौरान विधायक आक्या ने श्रद्धा व भक्ति के महासागर मे सहभागिता निभाते हुए भगवान महादेव की भव्य प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन व आरती कर सर्वत्र सुख, शांती व समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुशील शर्मा, पूर्व उप सभापति भरत जागेटिया, अनिल ईनाणी, भोलाराम प्रजापत, शैलेन्द्र झंवर, कर्नल सिंह राठौड़, विश्वनाथ टांक, तेजपाल रेगर, नवीन पटवारी, गोपाल जाजु, कमलेश आमेरिया, गोपाल शर्मा, फतहलाल भड़कतिया, दशरथ मेनारिया, रवि मेनारिया, सुरेन्द्र गील, सुनील लढढा, राजेश मोची, प्रदीप बोहरा, प्रदीप लढ्डा, कमल अग्रवाल, कैलाश पायक, जगदीश मण्डोवरा, नानालाल मेनारिया, राजेश शर्मा, पींटू मोदी, रेणु मिश्रा, रेखा शक्तावत, दिपक वर्मा, पंकज लोठ, पंकज सेन, कमल बिलोची, राहूल डिरा, पींटू मीणा, भागीरथ मीणा, नन्द लाल रेगर, अजय बनवार, राजेश लोठ, ओमप्रकाश लोठ, दीनदयाल भारद्वाज, पूर्णेश जैन, शुभम न्याति, कन्हैया लाल माली, राजकुमार मोची उपस्थित थे।

5 जुन विश्व पर्यावरण दिवस विशेष-

# सुखी धरती करें पुकार, वृक्ष लगाकर धरती मां का करो श्रंगार

**पर्यावरण मित्रों ने 11 वर्षो में किए 60 हजार पोंधे रोपित, नीमच शहर में बनाए 4 नगर वन,**

**पर्यावरण एवं जैव विविधता संरक्षण में संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था को मिला राज्य स्तरीय 3 लाख रुपए का प्रथम पुरस्कार**



**राजू पटेल** नीमच- प्रथ्वी पर है स्वर्ग वहां,हरे भरे हैं वृक्ष जहां के उद्देश्य को लेकर संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच के सदस्यो ने 5 जुन 2014 विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संस्था का गठन कर नीमच जिले भर में शहर से गांव तक चहुंओर पौधा रोपण अभियान की शुरुआत कि गई, संस्था के कार्यों से प्रेरित होकर समाज सेवी, डाक्टर,अधिवक्ता, मेकेनिकल इंजीनियर, शिक्षक ,उर्जा विभाग,सी आर पी एफ, शिक्षा विभाग, जिला पंचायत आदि विभागों के सेवा निवृत्त सीनियर सिटीजन पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से धरती मां का श्रंगार करने हेतु हरियाली की चादर बिछाने में जुट गए, संस्था द्वारा जिले भर के शासकीय, अशासकीय विद्यालयों,खेल मैदान,आंगनबाड़ी केंद्र, मुक्ति धाम परिसरो, सड़क के दोनों किनारों से लेकर टेकरी तक विभिन्न प्रजातियों के पोंधे रोपित कर पेड़ बनाने का काम किया है, संस्था द्वारा विशेषकर लुप्त प्रजातिया महुआ, इमली,टिमरु,कबीट, जंगल जलेबी आदि ओषधि युक्त पोंधो को विशेष महत्व दिया जाता है, संस्था द्वारा नीमच शहर के मुख्य महु - नसीराबाद मार्ग स्थित ग्रीन बेल्ट की जगह जो कभी ठबेशुमार प्लास्टिक पोलेथिन थैलियां पन्नी, फटे पुराने कपड़े, शराब की खाली बोतले, गंदगी के ढेर से लबरेज पड़े थे कि साफ सफाई कर जवाहर नगर, गांधी नगर, ग्वाल टोली, संजीवनी वाटिका को सिटी फारेस्ट के रूप में विकसित कर अवैध अतिक्रमण से मुक्त किया, इसी तरह शहर के शा.उ.मा.विध्यालय क्र .2 , फुव्वारा चोक स्थित सुभाष वाटिका , विजय टाकीज़ स्थित शहीद पार्क ( सरदार भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु), शिक्षक कालोनी स्थित चन्द्रशेखर आजाद वाटिका, के साथ नीमच से भादवा माता,सावन तक सड़क के दोनों किनारों पर 42 कि.मी. पर विभिन्न प्रजातियों के 3 किवंटल से अधिक बीज रोपित कर मार्ग को हरा भरा बनाया गया, संस्था के सदस्य नि स्वार्थ भावना से पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में निरन्तर अभियान चला कर आमजन एवं शहरवासियों को स्वच्छ सुंदर वातावरण के साथ ही शुद्ध वायु आक्सीजन प्राप्त हो के लिए संकल्पित है, संस्था की प्रेरणा से जिले भर में पर्यावरण के प्रति जागरूकता आई है,संस्था सदस्यों की कड़ी मेहनत से विगत 11 वर्षों में अब तक 60 हजार से अधिक पोंधे रोपित कर पेड़ बनाने का काम किया, संस्था को उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए मध्यप्रदेश सरकार के जैव विविधता बोर्ड भोपाल द्वारा अशासकीय संस्था के रूप में संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था को राज्य स्तरीय जैव विविधता ,पर्यावरण संरक्षण 2021 का प्रथम पुरस्कार विजेता स्वरूप 3 लाख रुपए का अवार्ड, ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया जो नीमच जिले के लिए गर्व की बात है, संस्था का प्रतिवर्ष वर्षाकाल में 1 हजार से अधिक पोंधे रोपित करने का लक्ष्य है जिसे वे स्वयं तन मन धन से पुर्ण करते हैं, संस्था सदस्यों की यह विशेषता है कि जो भी पोंधे रोपित किए जाते हैं उनकी पेड़ बनने तक देखभाल की जाती है यही कारण है कि रोपित पोंधे शत प्रतिशत जीवित रहकर पेड़ का आकार लेते हैं,, संस्था के सेवाभावी कर्मठ पर्यावरण मित्र नवीन कुमार अग्रवाल एवं किशोर बागड़ी नियमित 2 से 3 घंटे श्रमदान कर पेड़ पौधों की देखभाल एवं सुरक्षा में जुटे रहते हैं, संस्था में 25 से अधिक सदस्य जुड़े हुए हैं, विगत कुछ वर्षों में संस्था के सेवा भावी कर्मठ श्रमदानी सदस्य श्री नीमा लामा, नज़ीर मोहम्मद, एस एस चौधरी, डॉ राकेश वर्मा के निधन से संस्था को बहुत बड़ी क्षति हुई है, उनकी पर्यावरण के प्रति सेवाओं को भुलाया नहीं जा सकता है,वर्तमान में संस्था संरक्षक इंजिनियर नवीन कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष किशोर बागड़ी, सचिव दुलीचंद कनेरिया, उपाध्यक्ष राजकुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष रमेश मोरे, जगदीश शर्मा,सुकुमार आगार, केशव सिंह चौहान, हरीश उपाध्याय, नियमित एवं साप्ताहिक सेवा दे रहे हैं , साथ ही संस्था संरक्षक अधिवक्ता अजय भटनागर, डॉ यशवंत पाटीदार, राजेंद्र जरौली, ओमप्रकाश अग्रवाल,, अमृतलाल पाटीदार, के साथ ही शहरी विकास परियोजना अधिकारी डिप्टी कलेक्टर श्री चन्द्रसिंह धार्वे का भी सहयोग मिल रहा है,संस्था द्वारा गत वर्ष भादवा माता, हवाई अड्डा झांझरवाडा मार्ग स्थित विश्व संकल्प पर्यावरण वाटिका आदि में 3 हजार से अधिक 60 प्रजातियों के फलदार, छायादार, फुलदार ओषधि युक्त पोंधे रोपित किए गए हैं , संस्था का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ ही पक्षु पक्षियों,जीव जंतुओं को भी भोजन प्राप्त हों ताकि जैव विविधता को भी बढ़ावा मिले,जल जंगल और जमीन सुरक्षित होंगी तो निश्चित ही प्राणी जगत को स्वच्छ - स्वस्थ वातावरण के साथ ही जीवन जीने के लिए शुद्ध वायु आक्सीजन प्राप्त होगी, संस्था सदस्यों द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहर के नदी, नालों तालाबों, कुएं आदि में स्वच्छ जल संचय हेतु स्वच्छता अभियान चलाया जाता है,प्रकृति ने हमें जीवन जीने के लिए इस धरा पर सबकुछ दिया है बदले में हमें भी कुछ न कुछ इस धरा का कर्ज उतारने के लिए लौटाना चाहिए, धरती मां को संवारने एवं हमारी आने वाली पीढ़ी के सुखद जीवन जीने के लिए हम सभी को अधिक से अधिक पोंधे रोपित कर पेड़ बनाने का संकल्प लेना चाहिए, संस्था का 5 जुन विश्व पर्यावरण दिवस पर यही अनुरोध है कि आमजन अधिक से अधिक पोंधे रोपित कर पेड़ बनाने का काम करें ताकि पर्यावरण संतुलन बना रहे एवं प्राणी जगत को जीवन जीने हेतु शुद्ध वायु आक्सीजन प्राप्त होती रहें,

# मोहन तेरे राज मे बच्चे रोते रात मे- विधुत मंडल अफिस मे कांग्रेस का जबरदस्त विरोध प्रदर्शन

**जिला नरसिहपुर**
**रिपोर्ट अमित भाटिया**

### बिधुत मंडल की तानाशाही पर कांग्रेस का जंगी विरोध प्रदर्शन- बिजना, लालटेन दी भेट मे

(नरसिंहपुर) लगातार नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती जा रही अघोषित विद्युत कटौती को लेकर युवा कांग्रेस एवं एनएसएसआई ने विद्युत विभाग के झरना स्थित कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया।। विद्युत विभाग एवं प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही विद्युत विभाग कार्यालय के गेट पर धरना दिया गया। धरना स्थल पर विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों ने पहुंचकर ज्ञापन लेकर विद्युत समस्या को ठीक करने का विश्वास दिलाया। इस दौरान प्रदर्शनकारी एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों के बीच कहा सुनी हुई प्रदर्शनकारियों ने विभाग के अधिकारियों को खरी खरी सुनाई, कई प्रश्नों और समस्याओं का उत्तर विभाग के अधिकारी नहीं दे पाए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के निकम्मेपन के कारण जिलेवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है रोज ही घंटों चाहे जब बिजली बंद रहती है भारी भरकम बिल आ रहे हैं वहीं अनेक किसानों ने ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत समस्या से अवगत कराया । बताया कि बिजली न मिलने के कारण गन्ना और मूंग की फसल को भारी नुकसान हो रहा है।

युवा नेता अतुल चौरसिया, रोहित पटेल ने बताया कि नरसिंहपुर शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है। बिना टाइम टेबिल के विद्युत कटौती करने से आम जनता बहुत परेशान है, जिससे आवश्यक कार्य रुक जाते है, विद्युत कटौती कभी कभी तो सुबह सुबह कर दी जाती है जो कि नल आने का समय होता है और सभी लोग पानी भरकर दिन भर उपयोग करते है, और उसी समय विद्युत कटौती कर दी जाती है। इस गर्मी के मौसम में पानी की कितनी जरुरत होती है, ये कहने की जरुरत नहीं है। अघोषित विद्युत कटौती करने से बिजली के उपकरण



खराब हो रहे है, जिससे जनता में रोष है। ज्ञापन में मांग की गई है कि मांगों को पूर्ण करते हुए अघोषित विद्युत कटौती पर रोक लगाई जावे या फिर समय निश्चित किया जावे।अघोषित विद्युत कटौती तुरंत प्रभाव से बंद की जावे। जहां जहां वोल्टेज की समस्या है, उसका निदान तुरंत किया जावे । नरसिंहपुर शहर उपसंभाग के तहत झिरना सब स्टेशन टाउन-1, टाउन-2, टाउन-8 फीडर, जेल रोड सब स्टेशन से सांकल रोड, जेल रोड, स्टेशन रोड फीडर एवं नकटुआ सब स्टेशन से टाउन-3,टाउन-4 फीडर पर पृथक पृथक मेंटनेंस टीम व कॉल सेन्टर की व्यवस्था की जावे, सभी फीडर के फीडर इंचार्ज (लाईन स्टाफ) का मोबाइल नंबर पृथक पृथक दिया जाए, जिससे विद्युत व्यवस्था की जानकारी ली जा सके, 3 सब स्टेशन में 3 वाहनों की व्यवस्था मेंटनेंस हेतु सुनिश्चित की जावे, एफ ओसी टीम के साथ एक नियमित कर्मचारी का होना सुनिश्चित करें प्राइवेट कर्मचारियों के भरोसे एफओसी टीम का संचालन चल रहा है। क्या प्राइवेट कर्मचारियों को परमिट मिलना उचित है। यदि उचित है तो उनकी परमिट सूची संलग्न करें। उक्त मौके पर सुनील जायसवाल,नीलू राय, कनछेदी पटेल, धनीराम पटेल,जग्गी सोनी,सुनील श्रीवास्तव,

लोकेश पटेल, प्रतिराज प्रजापति, अस्सू नेमा, अमित श्रीवास्तव, पलाश पटेल,आशीष दुबे, मुकेश कटारे,आशीष राजवैद्य, बाबी खान,यासीन मनचला, अतुल चौरसिया, अजय दुबे, रोहित पटेल, विवेक पटेल, ईशान राय, अंकुर बटरी,मिक्की राय, गोलडी खान,रफीक नूरानी,नारायण महोबिया, मुकेश कटारे,मनोज राव,सुनील श्रीवास्तव, विशाल राय, शिवम पाठक, गोलू बरडिया,मुकेश जैन, अंकित श्रीवास्तव, राजीव राणा,अभिषेक प्रजापति,प्रियंक कहार, सौरभ रिछारिया, जितेंद्र लोधी,अरविंद शर्मा, राजा ठाकुर,अमित शुक्ला,अभिषेक गुप्ता,अनुज चौरसिया, विजेंद्र पटेल,अन्नी यादव, पप्पू महाराज,अक्षय बटरी,जय वर्मा,रितेश नामदेव, आरिफ खान, मिलिंद मनोहर साहू,इमरान खान,आरिफ खान,समीर खान,विकास पटेल,संदीप मुगदिलियार,यशवंत रजक,निखिल मेहरा ,सोमेश सराठे ,अमन श्रीवास्तव,आदर्श केशरवानी, मोनू खान, राजा वैरागी ,अभिषेक पटेल ,नितिन कहार ,वासु गुप्ता के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे।

## कलेक्टर कार्यालय परिसर से अवैध रेत से भरे दो ट्रैक्टर लेकर फरार हो गए युवक

**संजय राठौड़ जिला ब्यूरो आलीराजपुर**- बुधवार सुबह एसडीएम तपिश पांडे ने खट्?टाली रोड से अवैध रेत से भरे 17 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त की थी। इन्हें कार्रवाई के लिए कलेक्टर कार्यालय परिसर में खड़ा किया गया था। जहां से दोपहर में दो चालक ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर भाग निकले। मामले में एसडीएम तपिश पांडे ने बताया दोनों चालकों पर केस दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने बताया लूट की धाराओं में केस दर्ज होगा। गौरतलब है कि दोपहर में ट्रैक्टर चालकों ने आरोप लगाया था कि प्रशासन डंपरों पर कार्रवाई की बजाए गरीब ट्रैक्टर वालों पर कार्रवाई कर रहा है। जयस



जिलाध्यक्ष अरविंद कनेश भी मौके पर पहुंचे थे।

## रेंजर क्षेत्रीय वन अधिकारी 10000 की रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो के हत्थे चढ़ा

**ओम जैन शंभूपुरा**

चित्तौड़गढ़ - राजस्थान स्थित एंटी करप्शन ब्यूरो के जयपुर कार्यालय द्वारा जारी किए गए प्रेस नोट के अनुसार भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉक्टर रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि एसीबी की सीकर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई थी कि उसकी लकड़ी की गाड़ी को नहीं पकड़ने की एवज में आरोपी मुकेश कुमार रेंजर कार्यालय क्षेत्रीय वन अधिकारी खेतड़ी जिला झुंझुनू द्वारा 10000 मंथली के रूप में रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा था जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक राहुल कोटोकी के सुपरविजन मे एसीबी की सीकर



इकाई के विजय कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आज सुभाष मिल पुलिस निरीक्षक द्वारा मय टीम के ट्रैप कार्यवाही करते हुए आरोपी मुकेश कुमार रेंजर कार्यालय क्षेत्रीय वन अधिकारी खेतड़ी जिला झुंझुनू को परिवादी से 10000 मंथली के रूप में बतोर रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया उक्त मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम जांच अनुसंधान अभी जारी है।

## कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने चित्तौड़गढ़ जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन।

### हत्या की घटना को हुए 2 दिन नही हुए की अभी भी अवेध बजरी परिवहन रुकने का नाम नहीं ले रहा- पूर्व मंत्री जाड़ावत।

**शंभूपुरा।ओम जैन शंभूपुरा। राजस्थान सरकार के पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत के नेतृत्व में बजरी माफियाओं के आंतक एवं विधानसभा क्षेत्र में पूर्व में स्वीकृत विकास कार्यों को शुरु करवाने को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने चित्तौड़गढ़ जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।**

**पूर्व राज्यमंत्री ने जिला कलेक्टर को बताया की अवेध बजरी माफियाओं की गुंडागर्दी के कानून व्यवस्था के कारण आमजन में भय एवं आतंक का माहौल बना हुआ है बजरी परिवहन के मामले को लेकर जानकारी देते हुए बताया की किस रूट से वर्तमान समय में बजरी माफियाओं द्वारा अवैध परिवहन किया जा रहा है एवं हत्या की घटना के बाद आज दोपहर में अवैध बजरी परिवहन के बारे में जानकारी देते हुआ कहा की घटना को हुए 2 दिन नही हुए उसके बाद भी अवेध बजरी परिवहन रुकने का नाम नहीं ले रहा है जिस पर संज्ञान लेते हुए जिला कलेक्टर ने इस संबध में पुलिस अधिकारियों से बात कर सबंधित थाने से पेट्रोलिंग कराने के लिए निर्देशित किया, पूर्व मंत्री ने बस्सी उप जिला चिकित्सालय के निर्माण को शुरु करवाने के लिए आग्रह किया जिस पर उन्होंने एक कमेटी का गठन कर भूमि सबंधित मामले का आम सहमति से निस्तारण कर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करवाने का आश्वासन दिया। उप तहसील सावा में नायाब तहसीलदार का स्वीकृत पद शीघ्र भरने के बारे में चर्चा हुई, पूर्व कांग्रेस शासन में स्वीकृत सावा आईटीआई की बिल्डिंग को विभाग द्वारा सौंपने, विधानसभा क्षेत्र में पूर्व से स्वीकृत 7 सड़को के कार्य को शुरू करवाने को लेकर जिला कलेक्टर को अधिकारियों द्वारा री टेंडर प्रक्रिया शुरू होने की जानकारी दी।**

**प्रतिनिधी मण्डल में ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम जाट, प्रदेश सचिव रणजीत लोट, उप सभापति कैलाश पंवार, जिला उपाध्यक्ष नगेंद्र सिंह राठौड़, जिला महामंत्री आजाद पालीवाल, जिला महामंत्री प्रमोद सिंह तंवर, मंडल अध्यक्ष अर्जुन रायका, दिनेश सोनी, महावीर सिंह डेलवास, राजदीप सिंह राणावत शहर प्रवक्ता नवरतन जीनगर उपस्थित थे।**






# महेश नवमी महोत्सव 2025 के अन्तर्गत तृतीय दिवस पर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



**धवन माहेश्वरी** उज्जैन– महेश नवमी महोत्सव 2025 के अन्तर्गत तृतीय दिवस पर बुधवार को क्रिकेट प्रतियोगिता विक्रम यूनिवर्सिटी मैदान पर आयोजित की गई जीसमे 2 टीमे 1 महाकाल वारियर्स 2 माहेश्वरी ग्रीन टीम का गठन कीया गया।

क्रिकेट मेच प्रतियोगीता के मुख्य अतिथि अरूण भूतड़ा (कार्यकारिणी सदस्य पश्चिम प्रादेशिक माहेश्वरी सभा) , कार्यक्रम के विशेष अतिथि सुरेन्द्र (हीरु कप्तान) काबरा, डाक्टर सर्वेश माहेश्वरी की उपस्थिति मे 20,20 ओवरो का मैच प्रारम्भ हुआ। **मुख्य अतिथि और विशेष अतिथि का माला पहनाकर स्वागत किया गया** टास जीतकर माहेश्वरी ग्रीन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर मे 130 रन बनाए। माहेश्वरी वारियर्स ने 19.5 ओवर मै 131 रन बनाकर मैच जीता। श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मेन आफ दी मेच डाक्टर सर्वेश माहेश्वरी को घोषित किया गया विजेता टीम के कप्तान शैलेन्द्र गांधी तथा उपविजेता टीम के कप्तान गौरव मालपानी रहे। इसकी सुचना माहेश्वरी सभा. युवा संगठन अध्यक्ष अर्पण कुमार इनानी के द्वारा दी गई।

# महाप्रबंधक परे के रतलाम आगमन पर मजदूर संघ द्वारा सम्मान कर सौपा ज्ञापन

उपेंद्र पाटोदिया ब्यूरो
9926809786




वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ द्वारा मंडल मंत्री अभिलाष नागर एवं मंडल अध्यक्ष प्रताप गिरी के नेतृत्व में परे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र के अपने सेवानिवृत के पूर्व रतलाम आगमन पर बाबा महाकालेश्वर मंदिर का स्मृति चिन्ह व शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया मण्डल मंत्री नागर ने महाप्रबंधक द्वारा रतलाम मंडल के पूर्व मे निरस्त 16 अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान कर पीड़ित परिवारों के आश्रितो को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने हेतु विशेष आभार माना एवं अनुकम्पा के शेष प्रकरणो को भी स्वीकृति प्रदान करने हेतु निवेदन किया उल्लेखनीय है की महाप्रबंधक जून मे सेवानिवृत होने वाले है एवं उनकी महाप्रबंधक के रूप मे रतलाम मण्डल की अंतिम यात्रा थी मजदूर संघ द्वारा पश्चिम रेल्वे मे उनके कार्यकाल मे उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया इसके अतिरिक्त रेलकर्मियों की प्रमुख मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया जिसमें रतलाम मण्डल के शेष अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणो को स्वीकृति प्रदान करने, गोधरा लॉबी को रतलाम मण्डल मे वर्किंग विवाद को शीघ्र हल करने जैसे मुद्दे शामिल थे

इस अवसर पर सहायक मंडल मंत्री गौरव दुबे, योगेश पाल, नरेंद्र सिंह सोलंकी, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह गौतम, शाखा अध्यक्ष हिमांशु पिटारे, शाखा सचिव बापि चौधरी,अरविंद शर्मा,अशोक टंडन,दिनेश छपरी,सुनील डागर,बापू सिंह सहित अन्य मौजूद थे

# महेश नवमी पर धूमधाम से निकला चल समारोह










**धवन माहेश्वरी उज्जैन** – महेश नवमी के पावन अवसर पर माहेश्वरी समाज के आराध्य भगवान महेश की पूजा-अर्चना होकर नृसिंह मंदिर उज्जैन से चल समारोह प्रारंभ होकर लखेरवाडी,पटनी बाजार, गोपाल मंदिर, मंत्री लाज, तेलीवाड़ा चौराहा, कंठाल, सती गेट बडा सराफा होकर नर्सिंग मंदिर पहुंचा जिसमें माहेश्वरी परिवारों के हजारों पुरुषों तथा महिलाओं, बच्चों ने भगवान महेश के जयकारों तथा भजनों से आनंदित होकर भाग लिया चल समारोह मे मुख्यत राम तोतला पश्चिमांचल प्रादेशिक संगठन मंत्री, कैलाश नारायण राठी, राधेश्याम चोखडा, लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा, भूपेन्द्र भूतड़ा, विरेन्द्र कुमार गट्टानी, अर्पण इनानी, प्रकाश तोतला, नर्सिंग इनानी , पुष्कर बाहेती, ओमप्रकाश बाहेती,अशोक परवाल, सुनिल बांगड़, अर्जुन समदानी, लोकेन्द्र काबरा, कोमल भूतड़ा, प्रकाश चन्द्र सोडानी, इन्दरमल खटोड़, गोपाल मूंगड, संजय लड्ढा, अरुण भूतड़ा, शैलेन्द्र राठी, मनसुखलाल झंवर, मनोज बियाणी, राजेन्द्र सोडानी, कांतिलाल सोडानी, श्याम पलोड, ओमप्रकाश पलोड, नृसिंह देवपुरा, अशोक कुमार भूतड़ा, महेश पलोड, ओमप्रकाश काबरा दिनेश डाढ़, कैलाश चन्द्र जैथल्या, नंदकिशोर लखोटिया, कैलाश माहेश्वरी, रूपनारायण झंवर,गिरीश भट्टड़, महेश चांडक, मंगलप्रसाद भट्टड़, संजय बजाज, भरत लड्ढा, महेश लड्ढा, आनंद राठी, प्रदीप आगीवाल, राम मंत्री, अतुल देवपुरा, रमेशचन्द्र हेड़ा, मुरलीधर हेड़ा श्रीमती संगीता भूतड़ा, श्रीमती रेखा लड्ढा, श्रीमती संगीता सोमानी, अंकुश धूत,विष्णु जाजू, विजय जाजू सहित सभी समाजजनों की भागीदारी होकर चल समारोह मार्ग मे निवासरत माहेश्वरी परिवारों ने भगवान महेश का पूजन-अर्चन तथा अनेक संस्थाओं तथा परिवारों ने ड्रायफरूट्स,शीतलपेय,लस्सी, आइसक्रीम तथा फूल मालाओं से स्वागत किया चल समारोह समाप्ति पर माहेश्वरी समाज भवन नृसिंह मंदिर पर आपस मे बधाई देते हुए संयुक्त रूप से भोजन प्रसादी ग्रहण की गई।

# ऑपरेशन सिंदूर से लौटे वीर शुभम चौधरी गांव बोरी ने पलके बिछाकर किया स्वागत



**ऑपरेशन सिंदूर में निभाई अपनी भूमिका**

**गांव पहुंचने पर हुआ भव्य अभिनंदन**

**प्रतापगढ़ के गांव बोरी के आर्मी मैन शुभम चौधरी**

(विनोद सांवला हरवार) हरवार। सीमावर्ती राजस्थान के प्रतापगढ़ जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर गांव बोरी निवासी शुभम चौधरी मिलिट्री में 6 -7 वर्षों सेअपनी सेवाएं दे रहे हैं इन दिनों आपकी सेवाओं का दौर जम्मू कश्मीर का रहा है और देश में सबसे बड़े सेवा के ऑपरेशन आतंकवादियों के खिलाफ लड़ी जंग ऑपरेशन सिंदूर में प्रमुखता से अपनी सेवाएं देने के बाद पहली बार अपने गृह गांव बोरी आना हुआ। जब आज 4 जून 2025 को बोरी गांव आने क्षेत्र वासियों को खबर लगी तो सुबह 8:30 बजे धमोतर बस स्टैंड से क्षेत्रवासी उनका भव्य अभिनंदन बोरी ग्राम वासी व उनके परिजनों द्वारा गांव के मुख्य मार्गो पर आर्मी मैन शुभम चौधरी का भव्य स्वागत किया गया । गांव बोरी के स्नेही मित्रों युवाओं ने राष्ट्रीय गीतों की धुन के साथ डीजे पर आर्मी जवान के हौसला बुलंदी के लिए भव्य स्वागत आयोजन किया गया। पूरा माहौल राष्ट्र प्रेम के जयकारों से गूंज उठा। जगह-जगह समाज सेवायों ने पुष्प मालाओं और गुलाल से शुभम चौधरी का भावनात्मक अभिनंदन किया तो शुभम चौधरी ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया। गांव के बुजुर्गों ने शुभम चौधरी को गले लगाया तो आशीर्वाद भी बरसाया। पूरे गांव में बहुत ही खुशी का माहौल देखा गया। हर जाति धर्म के लोगों ने आर्मी मैन का दिल से अभिनंदन किया। गणमान्य लोगों ने राष्ट्र के लिए समर्पित युवा ऑपरेशन सिंदूर के आर्मी मैन शुभम चौधरी को बधाई दी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# दीनदयाल नगर के दो उद्यान होगें विकसित

## महापौर प्रहलाद पटेल ने किया कार्य का भूमि पूजन



**उपेंद्र पाटोदिया ब्यूरो** 9926809786 रतलाम । वार्ड क्रमांक 20 दीनदयाल नगर ए व डी सेक्टर के उद्यानों को विकसित करने के कार्य का भूमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, क्षेत्रिय पार्षद संगीता सोनी व क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत् पूजा-अर्चना कर किया

इस अवसर पर महापौर प्रहलाद पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि दीनदयाल नगर ए व डी सेक्टर के उद्यानों को विकसित करने कार्य 15 लाख की लागत से किया जायेगा जिसमें पेवर ब्लॉक, कुर्सी, गेट इत्यादि का कार्य किया जायेगा उद्यानों को विकसित करना नगर निगम का कार्य है किन्तु इन्हे सहेजना रहवासियों का कार्य है इस हेतु रहवासी उद्यानों को सहेजने हेतु आगे आयें साथ ही पर्यावरण सुधार हेतु इस वर्षा ऋतु में पौधा रोपण अवश्य करेंनिगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि वर्तमान निगम परिषद विकास कार्य करवाने के साथ ही उद्यानों को विकसित करने का भी कार्य कर रही है उद्यानों को हरा-भरा रखना हम सबका दायित्व है इस हेतु नागरिक पुरी जिम्मेदारी से उद्यानों की देखभाल करें इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र चौहान, सह कार्यालय मंत्री राकेश नागर के अलावा नरसिंह चौहान, यशवंत, अखिलेश, धीरज बोहरा, जितेंद्र वर्मा, भवंरलाल, मूलचन्द, बंशीलाल बैरागी, अशोक चत्तर, गिरिराज सोनी, विशाल कुमावत , सचिन पालीवाल, प्रहलाद सोलंकी , मुकेश परमार अनवर खान, हिम्मत मोयल, ब्रजेश त्रिवेदी, बद्रीलाल पालीवाल, दिलीप जैन,डॉक्टर दिलीप सोनी, विपिन पुंगलिया, अनुराधा, रमा जैन, हंसा चौहान, प्रवीण शर्मा, नितिन तिवारी, गणपत शर्मा, शिखा सोनी, सीमा भार्गव, शंकरलाल झाला, संजय सोनी, विशाल जैन, संदीप सोनी सहित क्षेत्रिय नागरिक उपस्थित थे।

# बाजार बैठक वसूली तथा नगर निगम रतलाम के बजट प्रावधानों की होगी जांच, नगरीय प्रशासन विभाग ने दिए आदेश

## संयुक्त संचालक संचालनालय नगरीय प्रशासन विकास भोपाल ने पूर्व महापौर पारस सकलेचा की शिकायत के चलते रतलाम नगर निगम द्वारा पारित बाजार बैठक वसूली और बजट के प्रावधानों की जांच के आदेश दिए हैं।


रतलाम – सहायक आयुक्त संचालनालय नगरीय प्रशासन विभाग भोपाल ने अपने हस्ताक्षर से एक आदेश जारी किया है। जिसमे नगर निगम रतलाम द्वारा 25 मार्च को प्रस्तुत किए गए बजट में बताए गए आंकड़ों तथा 29 मार्च 2025 को पारित हुए बाजार बैठक वसूली प्रस्ताव की जांच के आदेश दिए हैं। जांच के आदेश कांग्रेस के नेता और पूर्व महापौर पारस सकलेचा की शिकायत पर दिए गए हैं।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने बताया नगर निगम की भाजपा के नेतृत्व वाली परिषद ने बाजार बैठक वसूली का प्रस्ताव पारित करने के साथ 2025–26 के प्रस्तावित बजट में 104 मदों में आंकड़ों का गोलमाल किया गया था। इसे लेकर पूर्व महापौर पारस सकलेचा ने प्रमुख सचिव तथा आयुक्त नगरीय विकास को 17 अप्रैल 2025 को शिकायत की थी। इसमें बताया गया था कि बाजार बैठक वसूली का प्रस्ताव नगर निगम अधिनियम की धाराओं के विपरीत रखा गया है और पारित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया था कि बजट की 104 मदों में आंकड़ों में हेर–फेर कर करोड़ों का गोलमाल किया गया। सकलेचा ने इस संदर्भ में 21 अप्रैल 2025 को कानूनी नोटिस भी दिया था। इस पर नगरीय प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त भोपाल ने संभागीय संचालक उज्जैन को आदेश दिया है कि वह नगर निगम रतलाम द्वारा अधिनियम की धाराओं के विपरीत बाजार बैठक वसूली के प्रस्ताव को रखने तथा पारित करने एवं बजट के 104 मद में भ्रामक आंकड़ों की पारस सकलेचा की शिकायत पर जांच कर प्रतिवेदन भेजें।


नगर निगम रतलाम।

**वसूली के लिए दबाव बनाए तो कांग्रेस से करें शिकायत** कटारिया ने बताया कि चूंकि 25 मार्च 2025 को परिषद सम्मेलन में बाजार बैठक वसूली का प्रस्ताव रखने तथा 29 मार्च 2025 को उसे पारित करने की सारी प्रक्रिया नगर निगम अधिनियम की धाराओं के विपरीत है। अतः उसे निरस्त किया जाना चाहिए। कटारिया के अनुसार बाजार बैठक वसूली के जांच के मद्देनजर बाजार बैठक की वसूली नहीं की जा सकती। उन्होंने बाजार में नीचे बैठकर सब्जी बेचने वाले तथा ठेला तथा गुमटी व्यवसायियों से कहा है कि अगर कोई उनसे बाजार बैठक वसूली के लिए दबाव डाले तो वह इसकी शिकायत कांग्रेस से करें। वैसे भी अप्रैल से बाजार बैठक की वसूली होना थी, जो कांग्रेस की आपत्ति के बाद प्रारंभ नहीं की गई है।

**कांग्रेस ने किया था प्रदर्शन, सम्मेलन में विरोध दर्ज कराया था** आपकी जानकारी के लिए बता दें कि, बाजार बैठक वसूली के खिलाफ कांग्रेस ने 29 मार्च 2025 को नगर निगम के गेट पर कार्यकर्ताओंर और बाजार में सब्जी, फल व अन्य सामान का ठेला लगाने वाले तथा गुमटी में व्यवसाय करने वालों ने प्रदर्शन किया था। इसके साथ ही कांग्रेस पार्षदों ने मार्च में नगर निगम के बजट सम्मेलन में करीब आधे घंटे तक बाजार बैठक वसूली का जमकर विरोध कर धरना दिया था तथा सम्मेलन से बहिर्गमन भी किया था। 4 अप्रैल 2025 को कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल नगर निगम आयुक्त से मिला भी था तथा उन्हें छलपूर्वक लाए गए बाजार बैठक वसूली के प्रस्ताव को निरस्त करने तथा बजट 2025–26 के 104 मदों में भ्रामक आंकड़ों को ठीक कर नया बजट देने के लिए ज्ञापन दिया था। इसमें कहा गया था कि करोड़ों के गोलमाल की जांच के लिए मांग की गई थी। बोगस बजट पेश कर जनता के धन का दुरुपयोग करने तथा अप्रैल 2025 से अभी तक नगर निगम द्वारा जितना भी खर्च किया गया है, वह सभी धोखाधड़ी की श्रेणी में आएगा। यह राज्य के धन का दुरुपयोग माना जाएगा।


/10630
Digitally signed by Mayank Verma
Date: 24-05-2025 11:45:03
26/05/2025
/10631

**आय बढ़ने के बजाय घट गई वह भी करोड़ों में !**
ज्ञापन में आरोप लगाया गया था कि बजट 2025–26 में 2024–25 के आय के 37 तथा व्यय के 67 कुल 104 मद में भ्रामक आंकड़े दिए गए हैं। ये करोड़ रुपए के गोलमाल की ओर इशारा करते हैं। निगम संपत्ति भवन–दुकानों से आय अप्रैल से दिसंबर 2023 के नौ माह तक 1.75 करोड़ बताई गई थी। वही आय अप्रैल 23 से मार्च 2024 के 12 माह में घटकर 65.25 लाख हो गई। तीन माह में 1 करोड़ 10 लाख की आय कहां चली गई। इसी प्रकार कॉलोनी विकास तथा अनुमति हेतु प्राप्त राशि 3.15 करोड़ से घटकर 36.02 लाख हो गई। आखिर तीन माह में 2.80 करोड़ कहां चले गए। कांग्रेस का प्रश्न है कि 9 माह के अप्रैल 2023 से दिसंबर 2023 में 37 मद में दिखाई गई आय अप्रैल 2023 से मार्च 2024 के 12 माह में कम कैसे हो सकती है? आय नहीं बढ़े, यह संभव है, लेकिन करोड़ों की आय अचानक लाखों में नहीं बदल सकती। इससे साफ है कि करोड़ों रुपए का गोलमाल किया गया है।

अब जांच में ही शिकायत पर लगाए आरोप का खुलासा होगा यह आने वाले समय में पता चलेगा कि इस शिकायत में सच्चाई क्या है।

## अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा की बैठक आयोजित- 9 सूत्रीय मांगों पर की चर्चा



**अजय बचले** आमला। माथनकर लॉन बोड़खी में प्रदेश महामंत्री अशोक झा की अध्यक्षता में अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वाल्मीकि समाज को शिक्षा की और अग्रसर करने एवं समाज़ को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने पर ज़ोर दिया तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने की दिशा में कार्य करने का आव्हान किया गया वाल्मीकि समाज के प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम डागोर ने समाज सुधार कार्यों एवं शासन से मिलने वाली समाज की सुविधाओं के विषय में चर्चा की गई एवं नगर पालिका सफाई कर्मचारियों को नियमित करने, वर्गीकरण, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, सामाजिक न्याय, वाल्मीकि मंदिर बनाने की मांग, बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित, सामाजिक विवाह योजना, आदि शासन से मिलने वाली योजनाओं से सामाजिक लोगों को कैसे जोड़े के विषय मे चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष पुरूषोत्तम डागोर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,जगदीश गोदरे, संजय वाल्मीकि महासचिव, कैलाश पत्रों संगठन सचिव, अशोक झा महामंत्री, ज्वाला प्रसाद बहोत, धनराज धौलपुरिया, संजीव गुहार जिला अध्यक्ष, कैलाश झा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बसंत नरवरे, अशोक गोगले, अनेक घोघले, महेश माहुरिया, मुकेश बहोत बंसी बैसवाल, श्रीमती शशि डागोर, नरेंद्र गोदरे, सतीश राठौर, जीवन समुदे, अनिल चौहान, रामकुमार, जीवन नायडू, अमित सरवन एवं वाल्मीकि समिति के पदाधिकारी सफाई कर्मचारी प्रकोष्ठ समिति के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी शामिल हुए

## प्रसासन ने दुर्ग पर चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

## जन भागीदारी से शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना ही हमारा प्रयासः एडीएम मल्होत्रा।

**शंभूपुरा। ओम जैन शंभूपुरा।** चित्तौड़गढ़ जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने शहर को स्वच्छता की श्रेणी में अग्रिम पंक्ति में लाने के निर्देश के बाद प्रदूषण निवारण मंडल, औद्योगिक इकाइयां, नगर परिषद एवं आमजन द्वारा कार्य योजना पर 4 जून को स्वच्छता अभियान का आयोजन चित्तौड़गढ़ दुर्ग पर किया गया।

नगर परिषद प्रशासक एडीएम विनोद मल्होत्रा ने बताया कि इस अभियान में दुर्ग पर स्थित मीरा मंदिर, विजय स्तम्भ, कालिका माता मंदिर, पद्मिनी महल, फत्ता तालाब के आस पास एवं व्यू प्वाइंट के नीचे की ओर विशेष सफाई कार्य किया गया।



इस अभियान के तहत नगर परिषद कार्मिकों के द्वारा कई वर्षों से पड़े व्यू पॉइंट के नीचे की ओर एकत्रित कचरे को अपने साहस का परिचय देते हुए नीचे उतरकर संग्रहित कर कचरा संग्रहण वाहनों में भरा गया।यह अभियान आगमी दिनों में भी दुर्ग पर जारी रहेगा।

ऐतिहासिक धरोहर को स्वच्छ, सुन्दर एवं संरक्षित रखना किसी एक की निजी जिम्मेदारी न होकर एक सामूहिक जिम्मेदारी है।

इस अभियान में दुर्ग पर आयुक्त जितेन्द्र मीणा, सहायक अभियंता सतीश, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक सूरज घावरी, स्वास्थ्य निरीक्षक सत्यनारायण बेनीवाल, बालमुकुन्द घारू एवं नगर परिषद कार्मिकों का सहयोग रहा।

एडीएम मल्होत्रा ने आमजन से अपील कि है कि आगे आने वाले दिनों में जन भागीदारी से सहयोग कर शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए।

## झाबुआ पुलिस द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन.. समाज और पुलिस के बीच संवाद से अपराधमुक्त समाज की ओर एक कदम

**संजय जैन जिला ब्यूरो**
झाबुआ,– बुधवार दिनांक 04.06.2025 को पुलिस अधीक्षक झाबुआ पद्म विलोचन शुक्ल के नेतृत्व में पुलिस लाइन झाबुआ में जिले के तडवी पटेल, ग्राम एवं नगर सुरक्षा समितियों के साथ एक व्यापक पुलिस जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों से आए प्रमुख नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और युवाओं ने भाग लिया। इस संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस और आमजन के बीच विश्वास, सहयोग और सुरक्षा को लेकर पारस्परिक समझ को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस प्रशासन ने यह संदेश दिया कि एक अपराधमुक्त, शिक्षित एवं जागरूक समाज का निर्माण तभी संभव है जब समाज और पुलिस एकजुट होकर कार्य करें। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल ने बालिका शिक्षा और बच्चों की पढ़ाई को लेकर सभी अभिभावकों से अपील की कि वे शिक्षा को सर्वोपरि प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि एक शिक्षित समाज ही समृद्धि और विकास की ओर अग्रसर होता है। बालिकाओं को शिक्षा से वंचित रखना एक सामाजिक अपराध के बराबर है। इसके बाद उन्होंने नशा मुक्ति अभियान पर विशेष जोर दिया और बताया कि नशा युवाओं को गुमराह कर रहा है और इससे समाज की नींव कमजोर होती जा रही है। उन्होंने सभी उपस्थित गणमान्यजनों से अपील की कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए अभियान चलाएं।



पुलिस अधीक्षक ने यातायात नियमों के पालन और हेलमेट के प्रयोग को लेकर भी जागरूक किया। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों को विशेष रूप से संबोधित करते हुए कहा कि हेलमेट पहनने से न केवल जुर्माने से बचा जा सकता है, बल्कि यह जीवन रक्षा का एक महत्वपूर्ण साधन है। शहर एवं गांवों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की स्थापना पर भी बल दिया। उन्होंने बताया कि मुख्य मार्गों, गलियों, सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी लगाने से अपराधों की रोकथाम में काफी सहायता मिलती है और इसके लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। कार्यक्रम में अरविंद तिवारी, प्रेस क्लब इंदौर ने पुलिस अधीक्षक द्वारा सामाजिक सुधार हेतु किए जा रहे नवाचारों को सामाजिक क्रांति की संख्या दी। साथ ही तडवी पटेलों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक की इस पहल को आमजन तक पहुंचाने में तडवी पटेलों की महत्वपूर्ण भूमिका रही जिस कारण झाबुआ जिले में डीजे, दारू, दहेज आदि कुरीतियों में कमी देखने को मिली कार्यक्रम के दौरान सायबर सेल टीम द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को सायबर अपराधों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। टीम ने बताया कि आज के डिजिटल युग में फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग जैसे अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। लोगों को इनसे सतर्क रहने की आवश्यकता है। टीम ने सभी को जागरूक करते हुए सुरक्षा के उपाय भी बताए। इस जनसंवाद कार्यक्रम में कई अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अरविंद तिवारी, प्रेस क्लब इंदौर, एसडीओपी पेटलावद कमलेश शर्मा, एसडीओपी झाबुआ श्रीमती रूपरेखा यादव, रक्षित निरीक्षक अखिलेश राय, समस्त थाना प्रभारी, सूबेदार कोमल मीणा, तडवी समाज के प्रमुखजन, पटेलगण, रक्षा सखी टीम, सायबर टीम, पत्रकार बंधु एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण विशेष रूप से शामिल रहे। साथ ही कार्यक्रम में ग्राम नगर रक्षा समिति के सदस्यों को व्हिस्ल, केन, टोपी, जैकेट प्रदान किए गए समाज में अच्छा कार्य करने वाले प्रभुत्वजनों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गए। साथ ही सभी तडवी पटेलों ने समाज को कुरीति एवं अपराध मुक्त बनाने हेतु संकल्प लिया। कार्यक्रम में समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष अपने–अपने क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं को रखा, उन्होने समस्याओं को गंभीरता से सुना और यथासंभव शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# सर्व हिंदू समाज ने किया डॉ. अजय लाल का पुतला दहन, देश की छवि धूमिल करने का आरोप..





**दमोह - मध्यप्रदेश।** सर्व हिंदू समाज के आह्वान पर मंगलवार को शहर में चर्चित फरार आरोपी डॉ. अजय लाल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला दहन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक लाइव वीडियो को लेकर किया गया, जिसमें डॉ. अजय लाल अमेरिका स्थित एक चर्च कार्यक्रम में भारतीय व्यवस्था और हिंदू संगठनों को लेकर विवादित बयान देते नजर आए। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि डॉ. अजय लाल न केवल धर्मांतरण और मानव तस्करी जैसे गंभीर मामलों में आरोपी हैं, बल्कि वह लंबे समय से फरार चल रहे हैं और उन पर इनाम भी घोषित है। बावजूद इसके, हाल ही में शेफर्ड चर्च नामक फेसबुक प्रोफाइल से लाइव किए गए एक कार्यक्रम में उनकी स्पष्ट मौजूदगी देखी गई, जिससे हिंदू समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

**वीडियो में भारत की छवि धूमिल करने का प्रयास** प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उक्त लाइव वीडियो में भारत को ईरान, नॉर्थ कोरिया और चीन जैसे देशों की पंक्ति में खड़ा कर धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए 卐सबसे खतरनाक देश卐 करार दिया गया है। यही नहीं, वीडियो में पुलिस कार्रवाई और सामाजिक संगठनों द्वारा किए गए वैध विरोध प्रदर्शनों के फर्जी और भ्रामक फुटेज जोड़कर भारत और हिंदू संगठनों को बदनाम करने की कोशिश की गई।

**धर्मांतरण और विदेशी फंडिंग के आरोप** कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उक्त कार्यक्रम में भारत में मतांतरण के उद्देश्य से विदेशी फंडिंग से ऑक्सीजन प्लांट बनाने और राशन वितरण जैसे कार्यों को धर्म परिवर्तन के माध्यम के रूप में दर्शाया गया। साथ ही, डॉ. अजय लाल द्वारा मंच से अपने धर्मांतरण अभियानों को गर्वपूर्वक साझा किया गया और भारतीय संस्कृति व पुलिस प्रशासन का मजाक उड़ाया गया।

**प्रशासनिक अधिकारियों से सांठगांठ के गंभीर आरोप** सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि डॉ. अजय लाल ने वीडियो में यह दावा किया कि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से उनकी गहरी मित्रता रही है, जो उन्हें कार्रवाई से पहले जानकारी देते थे। इससे भारतीय पुलिस महकमे की साख को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ठेस पहुंची है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि यह जांच का विषय है कि आखिर वह अधिकारी कौन हैं जिन्होंने आरोपी की मदद की।

**सांठगांठ की निष्पक्ष जांच और सख्त कार्यवाही की मांग** सर्व हिंदू समाज और विभिन्न संगठनों ने इस पूरे प्रकरण को देशविरोधी गतिविधि बताते हुए इसे देशद्रोह की श्रेणी में रखे जाने की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि फरार आरोपी डॉ. अजय लाल को शीघ्र गिरफ्तार कर भारत लाया जाए और भारतीय कानून के अनुसार कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। साथ ही, मिशन अस्पताल से जुड़े पूर्व के फर्जी डॉक्टर प्रकरण और संबंधित अधिकारियों की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच की जाए।

# माहेश्वरी समाज ने महेश नवमी पर किया आयोजन, आगर जिला मुख्यालय पर निकाली शोभा यात्रा



**आगर मालवा– महेश नवमी पर माहेश्वरी समाज के द्वारा चल समारोह निकाला गया। सुबह 10 बजे से शुरू हुई शोभायात्रा में समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। शहर में एक चल समारोह शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ माहेश्वरी भवन पहुंचा। शोभा यात्रा में भगवान महेश की आकर्षक झांकी, धार्मिक ध्वज, बैंड-बाजे और रथ शामिल थे। यह यात्रा प्रमुख मंदिरों से होते हुए नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए माहेश्वरी भवन पहुंची। जहा माहेश्वरी भवन में भगवान महेश का पूजन किया गया। भक्ति गीतों और जय महेश के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा ।माहेश्वरी समाज के बुजुर्ग, युवा, महिलाएं और बच्चे इस आयोजन में शामिल हुए। नगरवासियों ने कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। समाज के श्रीकांत माहेश्वरी ने बताया कि इससे 5-6 दिनों से समाजजन विभिन्न सामाजिक गतिविधियां कर विभिन्न कार्यक्रम हुए। सोमवार को खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। मंगलवार सुबह छावनी क्षेत्र से कंपनी गार्डन तक प्रभात फेरी निकाली गई। मातृशक्ति की ओर से निकाली गई प्रभात फेरी में जय महेश के जयघोष गूंजे। इसी दौरान एक मैराथन दौड़ का भी आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने उत्साह से भाग लिया।**

# वन विभाग के खिलाफ आदिवासी की निजी जमीन पर कब्जा करने के आरोप, एसपी से की शिकायत

**ब्यूरो चीफ राकेश सिंह**
**8226096301**



बैतूल। घोड़ाडोंगरी तहसील क्षेत्र के ग्राम कान्हावाड़ी निवासी घीसी इवने ने एसपी से शिकायत करते हुए वन विभाग के उच्च अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। घीसी अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं और उन्होंने आरोप लगाया है कि उनकी ग्राम घोड़ाडोंगरी में स्थित निजी स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 686/02 रकबा 1.683 हेक्टेयर पर वन विभाग ने जबरन कब्जा कर लिया है।

जयस जिला अध्यक्ष संदीप धुर्वे के साथ एसपी ऑफिस पहुंचे आवेदक घीसी ने एडिशनल एसपी को सौंपे शिकायत आवेदन में प्रधान मुख्य वन संरक्षक, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वर्किंग प्लान भोपाल, मुख्य वन संरक्षक बैतूल, रेंजर व डिपो प्रभारी वन डिपो घोड़ाडोंगरी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की। आवेदक का कहना है कि उक्त भूमि पर बिना अनुमति पौधारोपण कर दिया गया, और फिर रेस्ट हाउस व फॉरेस्ट डिपो का निर्माण कर आवेदक और उसके परिवार को बेदखल कर दिया गया। इस कार्रवाई से उनके समक्ष जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वन विभाग ने बार-बार इस भूमि को अपनी बताते हुए गलत जानकारी शासन और विभाग को दी है, जिससे उन्हें और उनके परिवार को मानसिक क्षोभ भी हुआ है।

आवेदन में बताया गया है कि भूमि पर जबरन कब्जा करने के साथ-साथ पानी के उपयोग के अधिकार और अधिवास अधिकार में भी हस्तक्षेप किया गया। विभागीय अधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से तथ्यों की जानकारी होने के बावजूद बार-बार आवेदक के विरुद्ध विद्वेषपूर्ण कार्यवाहियां कीं और विभागीय अधिकारियों को भी मिथ्या जानकारी देकर गुमराह किया।

घीसी इवने ने शिकायत में यह भी उल्लेख किया है कि उक्त भूमि को खाली करने के लिए उन्हें बार-बार मजबूर किया गया और इसके लिए वन विभाग के अधिकारियों ने गलत दस्तावेज बनाकर उन्हें बेदखल करने की कोशिश की। आवेदक ने यह भी बताया कि उक्त भूमि को लेकर व्यवहार न्यायालय बैतूल के तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड द्वारा कब्जा देने का आदेश पारित किया गया है, लेकिन वन विभाग के अधिकारियों द्वारा न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए अब तक उन्हें भूमि का आधिपत्य नहीं दिया गया।

# आयो शरण में तेरी खेड़ापति सरकार भजन हुआ प्रसारित सैकड़ों की संख्या में भक्तजन जुटे मंदिर पर



अनिल भरावाआलोट - मन में कुछ करने की चाह थी, शुरू से बालाजी महाराज का सेवक रहा हु, खेड़ापति हनुमान जी महाराज में गहरी आस्था के चलते मैने बालाजी महाराज के आशीर्वाद से यह भजन लिखा और संगीतबद्ध किया यह बात आलोट के युवा होनहार संगीतकार, सुंदरकांड के पाठ का संगीतमय गायन करने वाले विकास सोनगरा ने कही। आलोट के समीप स्थित पालनगरा में विराजित खेड़ापति हनुमान की महाराज की महिमा का बखान करते हुए गीतकार विकास सोनगरा ने मंगलवार को एक भजन प्रसारित किया। भजन प्रसारित करने के पूर्व बालाजी महाराज की भव्य महाआरती की गई, उसके बाद बड़ी एलईडी स्क्रीन पर पहली बार आयो शरण तेरी खेड़ापति सरकारभजन दिखाया गया। जिसे वहां उपस्थित सैकड़ों भक्त जनों ने खूब सराहा। बता दे कि इस भजन को लिखा ओर गाया विकास सोनगरा ने ओर वीडियो एडिटिंग नगर के ही मुकेश कथेरिया ने की। इस शानदार भजन के प्रसारण पर खेड़ापति हनुमान मंदिर सेवा समिति ने संगीतकार ओर एडिटर भाइयों का स्वागत सम्मान किया गया और भक्तों के लिए फरियाली खिचड़ी की प्रसाद का वितरण किया गया।

# धूमधाम से मनाया महेश नवमी का पर्व सुरक्षा की अलख जगाने दो पहिया वाहनों में लगाए रेडियम





धामनोद-- स्थानीय माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी का पर्व प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया गया सुबह 9:00 बजे बालाजी मंदिर से शोभायात्रा शुरू हुई जिसमे बड़ी संख्या में समाज जनमौजूद थे शोभायात्रा में महिलाएं केसरिया वस्त्र पहनी थी पुरुषों ने सफेद वस्त्र धारण किये थे बेंड बाजे की धुन पर शोभायात्रा महेश्वर चौराहे पर पहुंची महेश वंदना पश्चात सांस्कृतिक आयोजन हुए जिसमें समाज के युवा मंडल महिला मंडल बहु मंडल ने बढ़ चढ़कर भाग लिया कार्यक्रम में धरमपुरी विधायक कालू सिंह ठाकुर ने समाज जनजनों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया थाना प्रभारी संतोष दूधी नायब तहसीलदार कृष्णा सिंह पटेल यातायात प्रभारी पदम सिंह भाटी भी सम्मिलित हुए आगंतुक अतिथियों को समाज जनों ने स्वागत किया इस वर्ष समाज के सदस्यों ने महेश नवमी पर राहगीरों को ठंडाई पिलाई वृद्ध आश्रम पहुंचकर वृद्धो को फल वितरित किए शाम को पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में दो पहिया वाहन चालकों के वाहनों पर सुरक्षा की अलख जगाने हेतु रेडियम लगाई व वाहन चालकों को गुलाब का फूल भेंट कर उन्हें हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन माहेश्वरी एकता परिवार द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीओपी मोनिका सिंह थी उन्होंने आयोजित कार्यक्रम पर समाज जनों को बधाई दी समाज के अध्यक्ष भगवान मूंदड़ा कैलाश परवाल जगदीश मूंदड़ा राजेश आगीवाल महेश सोडानी मनीष मालू नीलेश परवाल राजकुमार माहेश्वरी शैलू लढ़ा दिनेश आगीवाल बाबू सारडा प्रहलाद आगीवाल पवन आगीवाल मनीष राठी मुकेश आगीवाल सहित सैकड़ो समाजजन आयोजित कार्यक्रमों में मौजूद रहे शाम को समाज के वरिष्ठ जनो का सम्मान किया गया प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कृत किया गया युवा मंडल के द्वारा कई प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने बढ़चढ़ कर भाग लिया कार्यक्रम में धार जिला माहेश्वरी समाज से जिला अध्यक्ष नारायण लड्ढा प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम भागड़िया कार्य समिति सदस्य प्रहलाद माहेश्वरी रोहित झंवर राजेंद्र ईनाणी एव मध्य प्रदेश टेक्सटाइल मेले एसोसिएशन के वाइस चेयरमैन मराल कंपनी के प्रेसिडेंट तरुण कुमार बल दुआ एवं शशि बल दुआ भी सम्मिलित हुए समाज जनों ने आगंतुक अतिथियों का सम्मान किया अंत में सह भोज का आयोजन हुआ

# बड़ोद नगर परिषद के गेट पर पार्षदगण बैठे धरने पर, नगर परिषद सीएमओ पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

## सीएमओ पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज पार्षदगण

**डेस्क** आगर मालवा– जिले के बडौद में सीएमओ संध्या सरियाम द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की जांच को लेकर एक बार फिर मामल गरमा गया है,भाजपा पार्षद धरने पर बैठ गए, आगर जिले के बडौद नगर परिषद के पार्षदों द्वारा संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन उज्जैन संभाग उज्जैन में नगर परिषद बड़ोद की सीएमओ संध्या सरियाम के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत की गई थी, जिस पर कार्यवाही नहीं होने से नाराज पार्षद गण धरने पर बैठ गए, पार्षदगण भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले बडौद नगर परिषद गेट के सामने बैठे टेंट लगाकर धरने पर बैठ गए। दरअसल पार्षदों का आरोप है कि नगर परिषद सीएमओ द्वारा भ्रष्टाचार किया गया है, उन्होंने अध्यक्ष उपाध्यक्ष विपक्ष के पार्षदों से भी धरना स्थल पर धरने में शामिल होने की अपील कि है।





मालिक पूजा भट्ट के लिए प्रकाशक मुद्रक शानू महेश्वरी द्वारा 141 गिरिराज कॉलोनी कानी पुरा रोड उजैन मध्य प्रदेश से प्रकाशित कर उदय रत्न ऑफसेट 1l0 /02 दारू गोडाउन के आगे आगर रोड उजैन मध्य प्रदेश से मुद्रित संपादक -शानू माहेश्वरी मोबाइल नंबर - l9 l4826006, 8643056464, 9 l l5154444 ( सभी विवाद का न्याय क्षेत्र उजैन मध्य प्रदेश रहेगा)कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)